37 वीं
वार्षिक रिपोर्ट
2019-20

एक मिनीरत्न कंपनी

एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड

(एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी)

www.hsccltd.co.in

एचएससीसी (इंडिया लिमिटेड)

एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड
ई–6(ए), सेक्टर–1, नोएडा – उत्तर प्रदेश – 201301
दूरभाष – 91–120–2542436–40
फैक्स – 91–120–2542447
ईमेल – hsccltd@hsccltd.co.in
सीआईएन संख्याः U74140DL1983GOI015459
वेबसाइटः www.hsccltd.co.in

दृष्टि, लक्ष्य, कॉरपोरेट मूल्यांकन और कॉरपोरेट गुणवत्ता नीति

दृष्टि

"भारत और विदेशों में स्वास्थ्य सेवा के संवर्द्धन के लिए मूल्य–वर्द्धित, नवीनतम एवं समन्वित सेवाएँ उपलब्ध करवाने वाली, अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में अपनी मुख्य क्षमता का लाभ उठाने वाली और अपने पेशेवर कर्मचारियों को मजबूत तथा सक्षम बनने वाला कार्य वातावरण प्रदान करने वाली अग्रणी परामर्श कंपनी के रूप में जाना जाये।"

लक्ष्य

"भारत और विदेशों में स्वास्थ्य सेवा और अन्य उद्देश्यों से भवनों तथा अवसंरचना विकसित करने के लिए व्यापक, संकल्पना से कमीशन किए जाने तक, परियोजना की आयोजना, वास्तु संबंधी, इंजीनियरिंग, परियोजना प्रबंधन, प्रापण और संबंधित परामर्शी सेवाएँ उपलब्ध कराना।"

कॉरपोरेट मूल्यांकन

- ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधा को बढ़ाने पर विशेष ध्यान देना।
- संगठन के अंदर सृजनशीलता एवं नवीनता को विकसित करना।
- लगातार सीखने वाले संगठन का सृजन करना।
- टीम–भावना के साथ अपने समस्त कार्यकलाप करने में समर्थ होना।

कॉरपोरेट गुणवत्ता नीति

स्वास्थ्य सेवा एवं अन्य सामाजिक क्षेत्रों में निरंतर उन्नत गुणवत्तापारक परामर्शी सेवाएँ प्रदान करके नेतृत्व और ग्राहक के विश्वास को बनाए रखना।

संदर्भ सूचना

पंजीकृत कार्यालय

एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड
205 (द्वितीय तल), ईस्ट एंड प्लाजा,
प्लॉट नं. 4, एलएससी, सेंटर–II,
वसुंधरा एन्क्लेव,
नई दिल्ली – 110096
ई–मेलः hsccltd@hsccltd.co.in
सीआईएन संख्याः U74140DL1983GOI015459
वेबसाइटः www.hsccltd.co.in

कॉरपोरेट कार्यालय

एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड
ई–6(ए), सेक्टर–1, नोएडा – उत्तर प्रदेश – 201301
संपर्कः 91–120–2542436–40
फैक्सः 91–120–2542447
ईमेलः hsccltd@hsccltd.co.in
सीआईएन संख्याः U74140DL1983GOI015459
वेबसाइटः www.hsccltd.co.in

सांविधिक लेखापरीक्षक

मैसर्स दत्ता सिंगला एंड कंपनी,
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स,
409, चौथा तल, सेठी भवन,
राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली – 110008

आंतरिक लेखापरीक्षक

मैसर्स हरमीत सिंह एंड कंपनी,
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स,
दुकान नं. 154, प्रथम तल,
डीडीए मार्केट, जे ब्लॉक सेंटर,
राजौरी गार्डन, नई दिल्ली – 110027

सचिवालयी लेखापरीक्षक

मैसर्स पी.सी. जैन एंड कंपनी,
कंपनी सेक्रेट्रीज़,
2382, सेक्टर–16, प्रथम तल,
फरीदाबाद – 121002

बैंकर्स

इंडियन ओवरसीज बैंक
केनेरा बैंक
पंजाब नेशनल बैंक
बैंक ऑफ बड़ौदा
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
सिंडीकेट बैंक
यूको बैंक
कॉर्पोरेशन बैंक
एचडीएफसी बैंक
ओरिएंटल बैंक
एक्सिस बैंक
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

विषय–सूची

1.	निदेशकों के प्रोफाइल	6
2.	प्रदर्शन एक नजर में	8
3.	सेवा वर्णक्रम	10
4.	अध्यक्ष का भाषण	11
5.	प्रबंध निदेशक की ओर से पत्र	13
6.	नोटिस	15
7.	निदेशक की रिपोर्ट और अनुलग्नक	23
	– प्रबंधन परिचर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट	
	– कॉरपोरेट प्रबंधन रिपोर्ट	
	– अन्य अनुलग्नक	
8.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ	69
9.	वित्तीय विवरण पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट	71
10.	वित्तीय विवरण	85

निदेशकों के प्रोफाइल

श्री पवन कुमार गुप्ता
अध्यक्ष

श्री पवन कुमार गुप्ता ने एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया है।

वे एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं जो कि एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड की नियंत्रक कंपनी भी है। एनबीसीसी के सीएमडी का कार्यभार ग्रहण करने से पहले वे रेल मंत्रालय के अधीन एक सीपीएसई आरआईटीईएस लिमिटेड में कार्यकारी निदेशक (क्षेत्रीय प्रोजेक्ट्स) थे। श्री गुप्ता के पास एनआईआईटी, कुरुक्षेत्र से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री और आईआईटी, दिल्ली से मास्टर्स की डिग्री है। उन्होंने 1986 में इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इंजीनियर्स में पदभार ग्रहण किया और अब उनके पास इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स और व्यवसाय प्रचालन में 34 वर्ष से अधिक का अनुभव है।

श्री ज्ञानेश पाण्डेय
प्रबंध निदेशक

श्री ज्ञानेश पाण्डेय के पास सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री है और वे 01 जून, 1995 से एचएससीसी के साथ कार्यरत हैं। उनके पास परियोजना आयोजना एवं प्रबंधन के क्षेत्र में लगभग 37 वर्ष का अनुभव है। वे 01 जून, 2011 से एचएससीसी के बोर्ड के सदस्य हैं और कंपनी के प्रचालनों के समग्र प्रबंधन के प्रभारी हैं।

सुश्री डी. थारा
सरकार की ओर से नामित निदेशक

सुश्री डी. थारा 1995 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। वे 01/01/2020 से कंपनी में सरकार की ओर से नामित निदेशक के तौर पर एचएससीसी के बोर्ड में शामिल हुई हैं।

उनके पास भू राजस्व प्रबंधन एवं जिला प्रशासन विभागों में कलेक्टर के तौर पर खेड़ा शहर में 1 वर्ष का और अहमदाबाद शहर में 3 वर्ष का कार्य अनुभव भी है। सुश्री थारा ने लगभग 2 वर्ष के लिए अहमदाबाद नगर निगम के उप नगर निगम आयुक्त के तौर पर भी कार्य किया है।

वे 24/06/2016 से गुजरात इंडस्ट्रियल डेवेलपमेंट कॉर्पोरेशन, गांधीनगर की उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के तौर पर कार्य कर रही थीं। उसके बाद उन्होंने 29/07/2019 से आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यभार ग्रहण किया था।

डॉ. (श्रीमती) ज्योति किरण शुक्ला
स्वतंत्र निदेशक

डॉ. (श्रीमती) ज्योति किरण शुक्ला को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 27/04/2020 से एचएससीसी के बोर्ड में गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक (एनओडी) के तौर पर नियुक्त किया गया है। उनके पास राजस्थान विश्वविद्यालय से एम.ए. (अर्थशास्त्र), पीएचडी (प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र) की डिग्री है।

उनके पास अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री है और उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय से प्रबंधन एवं इकोनोमैट्रिक्स में पीएचडी की है। उनकी शिक्षाविद और पेशेवर के रूप में उत्कृष्ट ख्याति है, उनके पास शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रबंधन में व्यापक अनुभव है, उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नागपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में शिक्षण कार्य किया है और प्रबंधन एवं इंजीनियरिंग संस्थानों में निदेशक के रूप में कार्य किया है और उनके पास ग्रामीण वित्त व्यवस्था और ग्रामीण विकास में व्यापक विशेषज्ञता है।

डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी
स्वतंत्र निदेशक

डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 01 अगस्त, 2019 से एचएससीसी के बोर्ड में गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक (एनओडी) के तौर पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपना एमबीबीएस जे.एल. एन. मेडिकल कॉलेज से किया है। डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी के पास प्रसूति विज्ञान एवं स्त्री रोग और चिकित्सा के क्षेत्रों में 23 वर्ष से अधिक का अनुभव है। वे वर्तमान में निजी तौर पर प्रेक्टिस करती हैं।

श्री सुरेश चंद्र गर्ग
निदेशक (इंजीनियरिंग)

श्री सुरेश चंद्र गर्ग ने 15.01.2020 से एचएससीसी में निदेशक (इंजीनियरिंग) का पदभार ग्रहण किया है। श्री सुरेश चंद्र गर्ग के पास सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री और जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री है। श्री सुरेश चंद्र गर्ग 23.07.1990 से एचएससीसी के साथ काम कर रहे हैं। उनके पास परियोजना आयोजना एवं प्रबंधन में लगभग 30 वर्ष का अनुभव है।

प्रदर्शन एक नजर में

कंपनी ने एक बार फिर से 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष में बेहतरीन परिणाम दिए हैं और 2,12,509 लाख रुपये का अधिकतम कारोबार तथा 3,763 लाख रुपये का कर पश्चात लाभ प्राप्त किया है।

कंपनी को 1983 में 40 लाख रुपये की प्रदत्त पूंजी के साथ निगमित किया गया था और बाद में 200 लाख रुपये के बोनस शेयर जारी किए जिसके परिणामस्वरूप प्रदत्त पूंजी बढ़ कर 240 लाख रुपये हो गई। वित्तीय वर्ष 2017–18 में कंपनी ने पूर्णतया प्रदत्त शेयर पूंजी के 25% हिस्से को वापस खरीदने की प्रक्रिया शुरू की जिसके परिणामस्वरूप प्रदत्त शेयर पूंजी घाट कर 180 लाख रुपये हो गई। वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार कंपनी का 100% रणनीतिक विनिवेश किया गया और इस प्रकार एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने प्रबंधन नियंत्रण के हस्तांतरण के साथ कंपनी की मौजूदा 100% प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी अधिग्रहित कर ली।

एचएससीसी के उद्देश्य और कार्यनीतियाँ व्यवसाय में वृद्धि के माध्यम से निवल मूल्य में उल्लेखनीय बढ़ोतरी करने के लिए डिजाइन की गई हैं जिसके माध्यम से अधिक राजस्व और लाभ प्राप्त किए जा सकें और मजबूत एवं दबाव मुक्त नकद प्रवाह भी सृजित किया जा सके। इस प्रकार हम कंपनी के मूल्य का संवर्द्धन करेंगे और साथ ही एक मजबूत बैलेंस शीट बनाए रख सकेंगे और शेयरधारकों को आकर्षक लाभांश दे सकेंगे।

हम स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में हमारे ग्राहकों को संतुष्ट करने वाली विशिष्ट और नवीनतम सेवाएँ प्रदान करके गुणवत्ता और समय दोनों की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ सेवा प्रदाता के तौर पर अपना विकास जारी रखेंगे।

(रुपये लाख में)

विवरण	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
आय	11,06,98	1,61,925	1,61,220	2,07,104	2,13,176
कर–पूर्व लाभ	8,687	5,616	5,822	7,949	6,424
निवल लाभ	5,462	3,761	3,747	4,981	3,763
निवल मूल्य	17,422	19,825	17,203	13,870	10,978
लाभांश	1,638	1,128	1,124	2,989	2,500
एमओयू के अनुरूप रेटिंग	उत्कृष्ट	बहुत अच्छा	अच्छा	बहुत अच्छा	बहुत अच्छा (अनुमानित)





दशकीय वित्तीय परिणाम एक नजर में

(रुपये लाख में)

विवरण	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
वित्तीय निष्पादन										
प्रदत्त पूंजी	240	240	240	240	240	240	240	180	180	180
आरक्षित और अधिशेष निधि	7,632	8,708	10,347	11,841	13,693	17,182	19,585	17,023	13,690	1,10,798
निवल मूल्य	7,872	8,948	10,587	12,081	13,933	17,422	19,825	17,203	13,870	10,978
निवल निर्धारित परिसंपत्तियाँ	615	600	685	693	649	635	707	706	7,496	7,366
कार्यकारी पूंजी*	7,117	8,568	10,200	12,053	14,165	17,519	24,083	17,188	3,339	(-) 3,779
लगाई गई पूंजी	7,731	9,168	10,885	12,746	14,814	18,154	24,790	17,895	13,870	10,978
प्रचालन आंकड़े										
परामर्श शुल्क**	2,311	2,929	3,380	3,919	49,004	1,02,180	1,51,116	1,51,311	2,04,946	2,12,509
ब्याज और अन्य आय	1,034	1,529	2,455	2,126	8,572	8,518	10,809	9,910	2,158	667
कुल आय	3,346	4,458	5,835	6,045	57,576	1,10,698	1,61,925	1,61,220	2,07,104	2,13,176
व्यय	1,993	2,048	2,203	2,287	53,782	1,01,948	1,56,236	1,55,320	1,99,111	2,06,590
सकल मार्जिन	1,353	2,409	3,632	3,758	3,794	8,750	5,689	5,900	7,993	6,586
मूल्यह्रास	36	58	32	44	69	63	73	78	44	162
कर–पूर्व लाभ	1,317	2,352	3,600	3,714	3,725	8,687	5,616	5,822	7,949	6,424
कराधान का प्रावधान	487	880	1,343	1,316	1,341	3,225	1,855	2,075	2,968	2,661
कर–पश्चात लाभ	830	1,472	2,257	2,398	2,384	5,462	3,761	3,747	4,981	3,763
लाभांश	173	300	468	492	492	1,638	1,128	1,124	2,989	2,500
मानव शक्ति										
कर्मचारी (संख्या)	132	124	123	143	153	162	176	184	177	187
(नियमित वेतनमान में)										
अनुपात										
पीबीटी / कुल आय (%)	39%	53%	62%	61%	6%	8%	3%	4%	4%	3%
निवल लाभ / कुल आय (%)	25%	33%	39%	40%	4%	5%	2%	2%	2%	2%
निवल लाभ / निवल मूल्य (%)	11%	16%	21%	20%	17%	31%	19%	22%	36%	34%
प्रति कर्मचारी कुल आय	25	36	47	42	376	683	920	876	1,248	1140
प्रति शेयर आय (ईपीएस) (₹)	346	613	940	999	993	2,276	1,567	2,081	2,767	2,090
प्रति शेयर बुक मूल्य (₹)	3,280	3,728	4,411	5,034	5,805	7,259	8,260	9,555	7,705	6,099

*वित्तीय वर्ष 2019–20 का वित्तीय विवरण भारतीय लेखा मानकों के अनुसार तैयार किया गया है। आवश्यक आंकड़ों के पुनःआकलन, पुनःवर्गीकरण और पुनःसमूहन के कारण मूल्य में बदलाव।

**वर्ष 2019–20 के लिए किए गए कार्य के परामर्श शुल्क के रूप में 200972.73 लाख रुपये और 11563.46 लाख रुपये का परामर्श शुल्क शामिल है।

सेवा वर्णक्रम

संकल्पनात्मक अध्ययन एवं प्रबंधन

परामर्श

- आधारभूत सर्वेक्षण एवं आर्थिक अध्ययन
- महामारी विज्ञान संबंधी सर्वेक्षण
- प्रणाली आयोजना
- व्यवहार्यता अध्ययन
- पुनर्संरचना/पुनर्गठन अध्ययन
- मूल्यांकन अध्ययन

खरीद

- दवाइयाँ और औषधियाँ
- चिकित्सा उपकरण
- अन्य उपकरण
- संचार प्रणालियाँ
- उपकरण
- फर्नीचर एवं फिक्सचर

परियोजना प्रबंधन

- ठेकेदारों के चयन और कार्य सौंपे जाने सहित
- परियोजना की आयोजना
- परियोजना की निगरानी
- गुणवत्ता नियंत्रण
- निर्माण पर्यवेक्षण
- संविदा प्रबंधन
- वित्तीय नियंत्रण

सूचना प्रौद्योगिकी

- स्वास्थ्य एमआईएस
- प्रणाली एकीकरण

सुविधा डिजाइन

- संकल्पनात्मक डिजाइन
- मूलभूत डिजाइन
- वास्तु संबंधी डिजाइन/योजनाएँ
- इंजीनियरिंग डिजाइन
- उपस्कर आयोजना
- अपशिष्ट प्रबंधन
- डिजाइन समन्वय

इंजीनियरिंग अध्ययन

- पुनरुद्धार/पुनर्वास
- आधुनिकीकरण/उन्नयन
- विस्तार
- उत्पादकता/कार्यक्षमता सुधार

लॉजिस्टिक्स एवं संस्थापन

- परिवहन
- समाशोधन एवं अग्रेषण
- स्थल वितरण
- संस्थापन
- परीक्षण एवं कार्य कमीशन करना
- प्रशिक्षण

नए क्षेत्र (विविधीकरण)

- इंजीनियरिंग और सुविधा केन्द्रों का अनुरक्षण
- पशुओं के टीकों के उत्पादन की सुविधाएं
- दवाओं के उत्पादन की सुविधाएं
- विदेशी चिकित्सा पेशेवरों के प्रशिक्षण
- जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान एवं विकास संस्थानों का विकास
- नए विकसित हो रहे अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में परियोजनाएं

अध्यक्ष का भाषण

पवन कुमार गुप्ता
अध्यक्ष

प्रिय शेयरधारकों

मैं एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड की 37वीं वार्षिक आम बैठक में आपका हार्दिक स्वागत करता हूँ। आपको कंपनी के प्रदर्शन के बारे में अपडेट करने और निकट भविष्य तथा मध्यावधि के लिए योजनाओं की रूपरेखा साझा करने में मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है।

पृष्ठभूमि

एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड, जिसे पूर्व में हॉस्पिटल सर्विसेज कंसल्टेंसी कॉर्पोरेशन के नाम से जाना जाता था, की स्थापना भारत में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में संकल्पना से कार्य सौंपे जाने तक परामर्शी सेवाएँ प्रदान करने के मिशन के साथ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) के तत्वावधान में वर्ष 1983 में की गई थी। एचएससीसी ने निरंतर प्रगति की है और 37 वर्ष की अपनी यात्रा के दौरान विकास किया है। हमने 2015 में मिनी–रत्न–श्रेणी–I का दर्जा हासिल किया।

यह भी बड़े गर्व की बात है कि एचएससीसी ने अपनी स्थापना के समय से ही सरकार से और न ही किसी अन्य स्रोत से ऋण लिए बिना अपने व्यवसाय में वृद्धि तथा विस्तार किया है। कंपनी हमेशा ऋण से मुक्त रही है और लाभ अर्जित करती रही है, जो वास्तव में एक उत्कृष्ट उपलब्धि है और कंपनी की क्षमताओं और मजबूती का ठोस प्रमाण है।

अपने कार्य के वर्षों के दौरान एचएससीसी ने स्वास्थ्य सेवा परामर्श के क्षेत्र में एक विशेष स्थान बनाया है। इसकी व्यापक विशेषज्ञता में अस्पताल आयोजना, डिजाइन, विस्तृत इंजीनियरिंग, परियोजना प्रबंधन, गुणवत्ता नियंत्रण और चिकित्सा उपकरण ों की खरीद, आपूर्ति, संस्थापन, और कमीशनिंग शामिल हैं। एचएससीसी स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में शुरू से अंत तक बहुविषयक सहयोग प्रदान करने में सक्षम है: व्यवहार्यता अध्ययन और संविदा के प्रलेखन से ले कर सिविल, इलैक्ट्रिकल, आईटी, और सहायक क्षेत्रों में खरीद और परियोजना प्रबंधन तक।

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने 24 दिसंबर, 2018 को एचएससीसी को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) के अधीन एक बहुविषयक पोर्टफोलियो के साथ एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में अधिग्रहित कर लिया जो अस्पताल आयोजना, डिजाइन विवरण, इंजीनियरिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, परियोजना प्रबंधन, एवं निगरानी और चिकित्सा उपकरणों की खरीद, आपूर्ति, संस्थापन, और कमीशनिंग के क्षेत्र में व्यापक परामर्श सेवाएँ प्रदान करती है। एनबीसीसी द्वारा एचएससीसी को अधिग्रहित किए जाने से समन्वय लाभ प्राप्त हुए हैं, और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में व्यापक अनुभव वाले पेशेवरों की एक विशिष्ट टीम साथ होने से संगठन का महत्व बढ़ेगा।

प्रमुख परियोजनाएँ

एचएससीसी ने एम्स, झज्जर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई), एम्स, नई दिल्ली में ओपीडी ब्लॉक, बर्न्स एंड प्लास्टिक अस्पताल, लातूर, रीवा, जबलपुर, ग्वालियर, झाँसी, कोटा, बीकानेर और पटियाला आदि शहरों में सरकारी मेडिकल कॉलेज (कॉलेजों) में सुपर स्पेशयलिटी ब्लॉक; नई दिल्ली में सफदरजंग अस्पताल, हैदराबाद में राष्ट्रीय पशु जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएबी); कोलकाता में सीएनसीआई, आईआईटी खड़गपुर में सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल आदि, डिकोया, श्रीलंका में 150 बिस्तर के अस्पताल; काठमाण्डू, भूटान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्सेज में बीआईआर अस्पताल के लिए ट्रोमा सेंटर, सितवे के सामान्य अस्पताल और यांगून के बच्चों के अस्पताल के आधुनिकीकरण, मॉरीशस में ईएनटी अस्पताल आदि विदेशी परियोजनाओं सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का निष्पादन किया है। वर्तमान में निष्पादन के अधीन परियोजनाओं में एम्स, नई दिल्ली, नागपूर, कल्याणी, गुंटूर, रायबरेली, चंद्रपुर में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, सिलीगुड़ी में ईएसआईसी के लिए 100 बिस्तर वाला अस्पताल, चंडीगढ़ में एडवांस्ड न्यूरोसाइन्स सेंटर, मॉरीशस गणराज्य में स्वास्थ्य एवं जीवन गुणवत्ता मंत्रालय के लिए कैंसर अस्पताल आदि के कार्य शामिल हैं।

प्रदर्शन

जहाँ तक वर्ष 2019–20 के दौरान कंपनी के प्रदर्शन का संबंध है, कंपनी ने एक चुनौतीपूर्ण प्रचालन वातावरण के बावजूद अपनी प्रगति बनाए रखी। इस वर्ष के लिए कुल आय पिछले वर्ष के 2,071.04 करोड़ रुपये की तुलना में 2,131.76 करोड़ रही। इस वर्ष के लिए कर के पश्चात लाभ 37.63 करोड़ रुपये था।

चुनौतियाँ और अवसर

निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के रूप में नई इकाइयों के साथ अधिक प्रतिस्पर्धी हो रहा है। यह कीमतों में गिरावट लाने का दबाव बना रहा है और लाभांश को प्रभावित कर रहा है। एक और दिलचस्प घटनाक्रम है अधिक संख्या में परियोजनाओं का पूर्वोत्तर की ओर जाना जिनके निर्माण तथा पूरा किए जाने अवधि सामान्यतः लंबी होती है।

हालांकि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नए अवसर इससे भी अधिक हैं। भारत में अस्पतालों, बिस्तरों, डॉक्टरों, और अन्य चिकित्सा सुविधाओं तथा प्रतिभाओं की संख्या के मामले में पीछे है। सरकार संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सुधार कि दिशा में बड़े स्तर पर प्रयास करके इस अंतर को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें नई परियोजनाएं और पूरे देश में मौजूदा अस्पतालों का पुनर्विकास और उन्नयन शामिल है। स्वास्थ्य सेवा में निजी क्षेत्र की ओर से माँग में भी फिर से बढ़ोतरी देखी जा रही है क्योंकि और अधिक घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय उद्यम इस क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। एक और नया अवसर सार्क क्षेत्र में विदेशों में है, जो कि स्वास्थ्य सेवा में बड़े सुधार लाने का प्रयास कर रहे हैं।

निष्कर्ष और आभार

कुल मिला कर मेरा मानना है कि आने वाले वर्षों के लिए हमारे पास लगातार वृद्धि तथा विस्तार के लिए सही स्थान पर सही बिल्डिंग ब्लॉक्स हैं। हम स्वास्थ्य सेवा में प्रमाणित विशेष स्थान के साथ एक विश्वस्तरीय परामर्श संगठन बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सही मार्ग पर हैं। मुझे यकीन है कि आपके सहयोग और विश्वास के साथ हम सफलता प्राप्त करेंगे।

मैं अपनी बात को समाप्त करने से पहले मैं हमारे प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए), बोर्ड के सदस्यों, और विभिन्न राज्य तथा केंद्रीय मंत्रालयों के अधिकारियों द्वारा सतत सहयोग करने के लिए उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। मैं हमारे सभी आपूर्तिकर्ता एवं विक्रेता भागीदारों का धन्यवाद करता हूँ जिनके सहयोग के बिना कंपनी परियोजनाओं के निष्पादन में बेहतरीन प्रदर्शन नहीं कर पाती और सबसे महत्वपूर्ण एचएससीसी के प्रत्येक कर्मचारी का उनकी प्रतिबद्धता तथा दृढ़ प्रयासों के लिए धन्यवाद करना चाहूँगा – बहुत–बहुत धन्यवाद।

मैं हमारे सभी शेयरधारकों, दावाधारकों, और हमारे बैंकर्स को भी एचएससीसी में निरंतर विश्वास और भरोसा बनाए रखने के लिए धन्यवाद करना चाहूँगा, और मैं आपको आश्वस्त करता हूँ कि हम बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

सादर,

हस्ताक्षर
(पवन कुमार गुप्ता)
अध्यक्ष

प्रबंध निदेशक की ओर से पत्र

ज्ञानेश पाण्डेय
प्रबंध निदेशक

सम्मानित शेयरधारकों

एचएससीसी के निदेशक मंडल की ओर से कंपनी की इस 37वीं वार्षिक आम बैठक में आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है। मैं इस अवसर पर आज हमारे साथ जुडने और वर्ष के दौरान आपके द्वारा कंपनी को प्रदान किए गए सतत समर्थन के लिए आपका हृदय से धन्यवाद करता हूँ। वर्ष 2019–20 के लिए निदेशकों की रिपोर्ट और वार्षिक लेखापरीक्षित लेखे आपके पास हैं, और आपकी अनुमति से मैं उन्हें पढ़ लिया गया मानता हूँ।

प्रदर्शन की समीक्षा

जैसा कि आपने वित्तीय वर्ष 2019–20 की वार्षिक रिपोर्ट में देखा होगा। जब हम अत्यधिक चुनौतीपूर्ण व्यवसाय परिस्थितियों की पृष्ठभूमि में प्रदर्शन को देखते हैं तो यह विशेष रूप से शानदार है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आपकी कंपनी ने 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मुझे शेयरधारकों को यह बताते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है कि वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान कुल आय पिछले वर्ष की 2,071.04 करोड़ रुपये से बढ़ कर 2,131.76 करोड़ रुपये हो गई है। कंपनी ने पिछले वर्ष के 106.28 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष 115.36 करोड़ रुपये का परामर्श शुल्क अर्जित किया अर्थात इसमें 8.54% की वृद्धि हुई। कंपनी को पिछले वर्ष के 79.49 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष 64.24 करोड़ रुपये का कर–पूर्व लाभ हुआ। कंपनी ने पिछले वर्ष के 49.81 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष 37.63 करोड़ रुपये का निवल लाभ अर्जित किया। आपके सहयोग से आपकी कंपनी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

मुझे आपको बताते हुए खुशी हो रही है कि कंपनी ने वर्ष 2019–20 के लिए चालू वर्ष के लाभ में से प्रदत्त पूंजी का 1389% लाभांश देने की सिफ़ारिश की है जो 25.00 करोड़ रुपये है। यह लगातार 35वां वर्ष है जब कंपनी ने लाभांश घोषित किया है।

मिनी रत्न का दर्जा

एचएससीसी ने सितंबर, 2002 में मिनी रत्न श्रेणी II पीएसयू का दर्जा प्राप्त करने के बाद 31 दिसंबर, 2015 से मिनी रत्न श्रेणी I सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम का दर्जा प्राप्त कर लिया है।

समझौता ज्ञापन

उच्च स्तर पर प्रबंधन लागत–नियंत्रण, संसाधनों के सर्वश्रेष्ठ उपयोग और प्रणाली में सुधारों जैसे रणनीतिक प्रयासों के माध्यम से लगातार कारोबार और कर–पूर्व लाभ में सतत वृद्धि बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। कंपनी ने सार्वजनिक उपक्रम विभाग

(डीपीई), भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ किए गए समझौता ज्ञापन के तहत वर्ष 2018–19 के लिए "बहुत अच्छी" रेटिंग प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2019–20 के लिए परिणामों के आधार पर कम्पनी समझौता ज्ञापन के मूल्यांकन के अनुसार "बहुत अच्छी" रेटिंग प्राप्त करने की अपेक्षा करती है।

कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी

कंपनी स्वास्थ्य सेवा में होने के नाते इसके सभी क्रियाकलाप और प्रचालन अप्रत्यक्ष रूप से सामाजिक ज़िम्मेदारी की ओर समर्पित हैं। वर्ष 2019–20 के दौरान एचएससीसी ने कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी के लिए 129.25 लाख रुपये का कुल अंशदान दिया। कंपनी ने कोविड–19 के लिए प्रधानमंत्री केयर्स कोष में भी अंशदान दिया।

वैश्विक व्यवसाय

आपकी कंपनी सार्क समूह में शामिल देशों में विदेश मंत्रालय के माध्यम से विदेशों में व्यवसाय के अवसर भी तलाश रही है।

विकास का विजन

भारत और विदेशों में स्वास्थ्य सेवा के संवर्द्धन के लिए मूल्य–वर्द्धित, नवीनतम एवं समन्वित सेवाएँ उपलब्ध करवाने वाली, अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में अपनी मुख्य क्षमता का लाभ उठाने वाली और अपने पेशेवर कर्मचारियों को मजबूत तथा सक्षम बनने वाला कार्य वातावरण प्रदान करने वाली अग्रणी परामर्श कंपनी के रूप में जाना जाये।

एक विश्वस्तरीय परामर्श संगठन बनने के लिए अपने प्रचालनों में विविधता लाने तथा विस्तार करने पर ज़ोर दिया जा रहा है जैसे भवन इंजीनियरिंग और रखरखाव सेवाएँ और कंपनी के क्लाइंट आधार को भी बढ़ाने पर ध्यान दिया जा रहा है।

कॉरपोरेट प्रबंधन

कंपनी का सिद्धान्त अपने व्यवसाय कार्यों में पारदर्शिता और नैतिक रूप से व्यवसाय करने, अर्थात पारदर्शिता, निष्ठा, पेशेवर व्यवहार, ज़िम्मेदारी और उचित प्रकटीकरण करने को बढ़ावा देने के लिए देश के क़ानूनों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना है।

आभार

अपनी बात समाप्त करते हुए मैं निदेशक मंडल की ओर से और मेरी ओर से हमारी मूल कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और दावाधारकों द्वारा कंपनी को दिए गए मूल्यवान मार्गदर्शन, समर्थन और सहयोग के लिए उनका हार्दिक धन्यवाद करता हूँ। मैं अपने सम्मानित शेयरधारकों के सतत समर्थन के लिए उनका धन्यवाद करता हूँ जिनका भरोसा और विश्वास हमारे सम्पूर्ण प्रयास में मजबूती के स्तंभ हैं।

मैं हमारे सभी महत्वपूर्ण क्लाइंट्स – स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, एम्स, पीजीआई चंडीगढ़, मॉरीशस सरकार, पंजाब और हरियाणा सरकार, केरल सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य व्यावसायिक सहयोगियों को भी लगातार हमारा समर्थन करने और हम पर विश्वास जताने के लिए हार्दिक धन्यवाद करता हूँ। कंपनी हमेशा की तरह ग्राहक की संतुष्टि पर अपना फोकस बनाए रखेगी।

मैं सीएजी, सांविधिक लेखापरीक्षकों और कंपनी के आंतरिक लेखापरीक्षकों को भी उनके मूल्यवान सहयोग के लिए धन्यवाद करना चाहूँगा।

मैं हमारी कंपनी के सभी स्तरों के कर्मचारियों द्वारा किए गए कठिन परिश्रम, उनकी प्रतिबद्धता और सतत प्रयासों के लिए उनकी सराहना करता हूँ। आपके सहयोग और समर्थन के बदले में मैं आपसे आपकी कंपनी को नई और शानदार ऊंचाइयों पर ले जाने का वादा करता हूँ।

धन्यवाद,

हस्ताक्षर

(ज्ञानेश पाण्डेय)
प्रबंध निदेशक

नोटिस

एतदद्वारा यह नोटिस दिया जाता है कि निम्नलिखित कार्यवाही करने के लिए एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड की 37वीं वार्षिक आम बैठक मंगलवार, 08 दिसंबर, 2020 को दोपहर 3:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (ओवीएएम) से आयोजित की जाएगी:

सामान्य कार्यवाही

1. 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित वार्षिक वित्तीय विवरण और उस पर निदेशक मंडल तथा लेखापरीक्षकों की रिपोर्टों पर विचार करना और उन्हें अंगीकार करना।

2. निदेशक मंडल को वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक (लेखापरीक्षकों) का पारिश्रमिक निर्धारित करने के लिए प्राधिकृत करना।

विशेष कार्यवाही

3. **श्री पवन कुमार गुप्ता (डीआईएन 07698337) की कंपनी के अध्यक्ष (निदेशक) के तौर पर नियुक्ति का नियमतीकरण करना और निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और यदि उचित प्रतीत हो तो इसे संशोधन (संशोधनों) के साथ या बिना एक सामान्य संकल्प के रूप में पारित करना:**

   "यह संकल्प किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 149, 152 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हों, और कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता) नियम, 2014 (किसी सांविधिक संशोधन (संशोधनों) या उस समय लागू उसके पुनःअधिनियमन सहित) के अनुसरण में श्री पवन कुमार गुप्ता (डीआईएन 07698337), जिन्होंने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के दिनांक 1 फरवरी, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या ओ–17034/97/2018–पीएस के अनुपालन में 07 अक्तूबर, 2019 (अपराहन) से एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के बोर्ड में अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया है, को एतदद्वारा भारत के राष्ट्रपति द्वारा समय–समय पर निर्धारित निबंधन एवं शर्तों पर कंपनी का अध्यक्ष (निदेशक) नियुक्त किया जाता है।"

4. **सुश्री डी. थारा (डीआईएन 01911714) की कंपनी के बोर्ड में सरकार द्वारा नामित निदेशक के तौर पर नियुक्ति का नियमतीकरण करना और निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और यदि उचित प्रतीत हो तो इसे संशोधन (संशोधनों) के साथ या बिना एक सामान्य संकल्प के रूप में पारित करना:**

   "यह संकल्प किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 149, 152 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हों, और कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता) नियम, 2014 (किसी सांविधिक संशोधन (संशोधनों) या उस समय लागू उसके पुनःअधिनियमन सहित) के अनुसरण में सुश्री डी. थारा (डीआईएन 01911714), जिन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के दिनांक 1 जनवरी, 2020 के कार्यालय ज्ञापन संख्या ओ–17034/37/2019–पीएस के माध्यम से सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था, को एतदद्वारा भारत के राष्ट्रपति द्वारा समय–समय पर निर्धारित निबंधन एवं शर्तों पर एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के बोर्ड में सरकार द्वारा नामित निदेशक के तौर पर नियुक्त किया जाता है।"

5. **श्री सुरेश चंद्र गर्ग (डीआईएन 08684289) की कंपनी के निदेशक (इंजीनियरिंग) के तौर पर नियुक्ति का नियमतीकरण करना और निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और यदि उचित प्रतीत हो तो इसे संशोधन (संशोधनों) के साथ या बिना एक सामान्य संकल्प के रूप में पारित करना:**

   "यह संकल्प किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 149, 152 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हों, और उनके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसरण में श्री सुरेश चंद्र गर्ग जिन्हें आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के दिनांक 15 जनवरी, 2020 के कार्यालय ज्ञापन संख्या ओ–17034/03/2019–पीएस के माध्यम से निदेशक (इंजीनियरिंग) के रूप में नियुक्त किया गया था, को एतदद्वारा भारत के राष्ट्रपति द्वारा समय–समय पर निर्धारित निबंधन एवं शर्तों पर कंपनी के बोर्ड में निदेशक (इंजीनियरिंग) के तौर पर नियुक्त किया जाता है।"

6. **डॉ. (श्रीमती) ज्योति किरण शुक्ला (डीआईएनः 03492315) की कंपनी के बोर्ड में गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक के तौर पर नियुक्ति का नियमतीकरण करना और निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और यदि उचित प्रतीत हो तो इसे संशोधन (संशोधनों) के साथ या बिना एक सामान्य संकल्प के रूप में पारित करनाः**

"यह संकल्प किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के अनुच्छेद 149, 150, 152 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हों, और कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता) नियम, 2014 (किसी सांविधिक संशोधन (संशोधनों) या उस समय लागू उसके पुनःअधिनियमन सहित) के अनुसरण में डॉ. (श्रीमती) ज्योति किरण शुक्ला (डीआईएनः 03492315), जिन्होंने एक घोषणापत्र प्रस्तुत किया है कि वे अधिनियम के अनुच्छेद 149(6) के तहत स्वतन्त्रता के लिए प्रदान किए गए मानदंडों को पूरा करती हैं, और उन्होंने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के दिनांक 27 अप्रैल, 2020 के कार्यालय ज्ञापन संख्या ओ–17034/39/2014–पीएस के अनुपालन में 27 अप्रैल, 2020 से एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के बोर्ड में गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया है, को एतदद्वारा भारत के राष्ट्रपति द्वारा समय–समय पर निर्धारित निबंधन एवं शर्तों पर कंपनी का गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया जाता है।"

निदेशक मंडल के आदेश से
एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के लिए

हस्ताक्षर
कंपनी सचिव
सोनिया सिंह
एचएससीसी

स्थानः नोएडा
दिनांकः 13/11/2020

टिप्पणी

1. कोविड–19 महामारी को ध्यान में रखते हुए कारपोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") ने 8 अप्रैल, 2020 और 13 अप्रैल, 2020 के परिपत्रों साथ–साथ 5 मई, 2020 के परिपत्र (जिन्हें संयुक्त रूप से "एमसीए परिपत्र" कहा गया है) द्वारा किसी एक स्थान पर सदस्यों की भौतिक मौजूदगी के बिना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") के आयोजन की अनुमति दी है। तदनुसार कंपनी की 37वीं वार्षिक आम बैठक कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों के अनुपालन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से आयोजित की जाएगी। उपर्युक्त परिपत्रों के प्रावधानों के साथ–साथ एजीएम के लिए निर्धारित स्थान कंपनी का कॉरपोरेट कार्यालय होगा।

2. अधिनियम के प्रावधानों के अनुसरण में एजीएम में भाग लेने और वोट देने के लिए पात्र कोई सदस्य बैठक में भाग लेने और उसकी और से वोट देने के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त करने का पात्र होता है और प्रतिनिधि का कंपनी का सदस्य होना अनिवार्य नहीं है। चूंकि यह एजीएम एमसीए के परिपत्रों के अनुसरण में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से आयोजित की जा रही है इसलिए सदस्यों की भौतिक उपस्थिति की अनिवार्यता हटा दी गई है। तदनुसार एजीएम के लिए सदस्यों द्वारा प्रतिनिधियों को नियुक्त करने की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी और इसलिए प्रतिनिधि फॉर्म और उपस्थिति पर्ची इस नोटिस के साथ संलग्न नहीं की गई है। तथापि अधिनियम के अनुच्छेद 112 और अनुच्छेद 113 के अनुसरण में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से आयोजित बैठक में वोट करने या भाग लेने और वोट करने के उद्देश्य से सदस्यों के प्रतिनिधि नियुक्त किए जा सकते हैं।

3. एमसीए के परिपत्रों के अनुसार 37वीं एजीएम के लिए नोटिस कंपनी की वेबसाइट http://www.hsccltd.co.in/ पर उपलब्ध होगा।

4. चूंकि एजीएम का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से होगा इसलिए मार्ग मानचित्र इस नोटिस के साथ संलग्न नहीं किया गया है।

5. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से आयोजित की जा रही 37वीं एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों की उपस्थिति की गणना अधिनियम के अनुच्छेद 103 के तहत कोरम की गणना के उद्देश्य से की जाएगी।

6. जब बैठक में किसी संकल्प के लिए मतदान की आवश्यकता होगी तब सदस्य अपने रजिस्टर्ड मेल आईडी से cs_hscc@hsccltd.co.in पर ईमेल भेज कर अपना वोट दे सकते हैं।

7. जब बैठक में 50 से कम सदस्य उपस्थित हों तब अध्यक्ष हाथ ऊपर करके मतदान करवाने का निर्णय कर सकता है, यदि किसी सदस्य द्वारा अधिनियम के अनुच्छेद 109 के अनुसार मतदान करवाने की माँग नहीं की जाती है।

8. उपर्युक्त एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में 2019–20 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम का नोटिस उन सदस्यों को केवल इलैक्ट्रोनिक माध्यम से भेजा जा रहा है जिनके ईमेल पते कंपनी के पास रजिस्टर्ड हैं।

9. कसी सरकारी कंपनी के लेखापरीक्षकों की नियुक्ति या पुनःनियुक्ति भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा की जानी होती है और उनका पारिश्रमिक कंपनी द्वारा आम बैठक में या उस पद्धति से निर्धारित किया जाना होता है जैसा कंपनी आम बैठक में तय करे। यह प्रस्ताव किया जाता है कि सदस्य, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा यथोचित रूप से नियुक्त किए गए सांविधिक लेखापरीक्षकों के लिए लागू करों और वास्तव में की गई यात्रा तथा अपने खर्च से किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति सहित उनका पारिश्रमिक निर्धारित करने के लिए निदेशक मंडल को प्राधिकृत कर सकते हैं।

10. जो सदस्य बैठक में वार्षिक लेखों की सूचना प्राप्त करना चाहते हैं उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे कंपनी को एजीएम की तारीख से कम से कम 7 दिन पहले cs_hscc@hsccltd.co.in पर अनुरोध भेज कर सूचित करें।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों के लिए निर्देश निम्नानुसार हैं:

1. सदस्य नीचे दिए गए लिंक पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से एजीएम में भाग ले पाएंगे: –

   https://teams.microsoft.com/l/meetup-join/19%3a582ec4fece214b988d6ae722223e40e9%40thread.tacv2/1606995912383?context=%7b%22Tid%22%3a%22e5b04c44-bc23-415f-8591-633eb11e4253%22%2c%22Oid%22%3a%22d77c61c9-07fa-4098-bb67-e80e6380010a%22%7d

   बैठक के लिए उपर्युक्त लिंक सदस्यों को अलग से एजीएम के समय से कम से कम 48 घंटे पहले उनके रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भी भेजा जाएगा।

2. बैठक में भाग लेने की सुविधा बैठक शुरू होने के निर्धारित समय से पहले 30 मिनट से शुरू की जाएगी और निर्धारित समय के 15 मिनट बाद समाप्त कर दी जाएगी।

3. जो सदस्य एजीएम के दौरान अपने विचार रखना चाहते हैं या प्रश्न पूछना चाहते हैं वे 01 दिसंबर, 2020 (सुबह 9:30 बजे आईएसटी) से 02 दिसंबर, 2020 (शाम 5:00 बजे आईएसटी) तक अपना नाम, पैन और मोबाइल नंबर बताते हुए अपने रजिस्टर्ड ईमेल पते से cs_hscc@hsccltd.co.in पर अनुरोध भेज कर स्वयं को वक्ता के रूप में रजिस्टर कर सकते हैं। कंपनी के पास एजीएम के लिए समय की उपलब्धता के आधार पर वक्ताओं की संख्या को सीमित करने का अधिकार सुरक्षित है।

एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के लिए
निदेशक मंडल के आदेश से

हस्ताक्षर
कंपनी सचिव
एचएससीसी

दिनांक: 13.11.2020
स्थान: नोएडा

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 102 के अनुसरण में व्याख्यात्मक कथन

मद संख्या 3

श्री पवन कुमार गुप्ता (डीआईएन–07698337) की एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के बोर्ड में अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के दिनांक 7 अक्तूबर, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या ओ–17034/97/2018–पीएस के अनुसरण में श्री पवन कुमार गुप्ता (डीआईएन 07698337) को 07 अक्तूबर, 2019 से एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के बोर्ड में अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

श्री पवन कुमार गुप्ता ने एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड में अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया है।

वे एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं जो कि एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड की नियंत्रक कंपनी भी है। एनबीसीसी के सीएमडी का कार्यभार ग्रहण करने से पहले श्री गुप्ता रेल मंत्रालय के अधीन एक सीपीएसई आरआईटीईएस लिमिटेड में कार्यकारी निदेशक (क्षेत्रीय प्रोजेक्ट्स) थे, श्री गुप्ता के पास एनआईआईटी, कुरुक्षेत्र से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री और आईआईटी, दिल्ली से मास्टर्स की डिग्री है। उन्होंने 1986 में इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इंजीनियर्स में पदभार ग्रहण किया और अब उनके पास इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स और व्यवसाय प्रचालन में 34 वर्ष से अधिक का अनुभव है।

श्री पवन कुमार गुप्ता को छोड़ कर कंपनी का कोई निदेशक/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक / उनके संबंधी किसी भी रूप में, वित्तीय या अन्यथा, संकल्प से संबंधित नहीं हैं या उसमें रुचि नहीं रखते। बोर्ड मद संख्या 3 में उल्लिखित सामान्य संकल्प की सदस्यों के अनुमोदन के लिए सिफ़ारिश करता है।

मद संख्या 4

सुश्री डी थारा (डीआईएन–01911714) की एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के बोर्ड में सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्ति

सुश्री डी. थारा 1995 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। वे 1997 से गुजरात राज्य में काम कर रही हैं और उनके पास गुजरात के विभिन्न शहरों जैसे अहमदाबाद, खेड़ा, राजकोट, वडोदरा और सुरेन्द्रनगर में विभिन्न विभागों में काम करने का बहुमुखी अनुभव है। उन्होंने वडोदरा और सुरेन्द्रनगर शहरों में भू राजस्व प्रबंधन और जिला प्रशासन एवं विकास प्रशासन में 2 वर्ष की अवधि के लिए जिला विकास अधिकारी के रूप में कार्य किया है। उनके पास भू राजस्व प्रबंधन एवं जिला प्रशासन विभागों में कलेक्टर के तौर पर खेड़ा शहर में 1 वर्ष का और अहमदाबाद शहर में 3 वर्ष का कार्य अनुभव भी है।

सुश्री थारा ने लगभग 2 वर्ष के लिए अहमदाबाद नगर निगम के उप नगर निगम आयुक्त के तौर पर भी कार्य किया है। इस अवधि के दौरान उन्होंने विभिन्न जेएनएनयूआरएम परियोजनाओं पर काम किया है। वे बीआरटीएस परियोजना पर काम करने वाले अग्रणी व्यक्तियों में से हैं जो शहर की एक अनिवार्य परियोजना थी। उन्होंने 2008 में अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण (एयूडीए) की मुख्य कार्यकारी प्राधिकारी के तौर पर द्वितीय संशोधित मसौदा विकास योजना 2021 पर भी काम शुरू किया है। अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण (एयूडीए) की मुख्य कार्यकारी प्राधिकारी के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान द्वितीय संशोधित मसौदा विकास योजना 2021, अहमदाबाद को पूरा किया गया और सीईए, जीयूडीए के तौर पर गांधीनगर की प्रथम संशोधित मसौदा विकास योजना भी पूरी की गई थी। अपने केन्द्रित विजन और शानदार नेतृत्व गुणों के साथ उनके द्वारा द्वितीय संशोधित मसौदा विकास योजना 2021 में विभिन्न नई संकल्पनाएँ और विचार शामिल किए गए। इनमें से कुछ थे – केंद्रीय व्यवसाय जिला, ट्रांज़िट उन्मुख जोन और किफ़ायती आवासीय घर जोन और ऐसी परियोजनाओं के लिए स्थाननीय क्षेत्र योजनाएँ भी तैयार करना। वे एयूडीए की मुख्य कार्यकारी प्राधिकारी और अहमदाबाद की नगर निगम आयुक्त रही हैं। उनके कार्यकाल के दौरान अहमदाबाद को स्मार्ट सिटी बनाने का कार्य निष्पादित किया गया। वे 24/06/2016 से गुजरात इंडस्ट्रियल डेवेलपमेंट कॉर्पोरेशन, गांधीनगर की उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के तौर पर कार्य कर रही थीं। उसके बाद उन्होंने 29/07/2019 से आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। सुश्री डी. थारा

का विवरण इस नोटिस के "अनुलग्नक–क" में दिया गया है।

सुश्री डी. थारा को छोड़ कर कंपनी का कोई निदेशक/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक/उनके संबंधी किसी भी रूप में, वित्तीय या अन्यथा, संकल्प से संबंधित नहीं हैं या उसमें रुचि नहीं रखते। बोर्ड मद संख्या 4 में उल्लिखित सामान्य संकल्प की सदस्यों के अनुमोदन के लिए सिफ़ारिश करता है।

मद संख्या 5

श्री सुरेश चंद्र गर्ग की एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक (इंजीनियरिंग) के रूप में नियुक्ति

श्री सुरेश चंद्र गर्ग ने 15.01.2020 से एचएससीसी में निदेशक (इंजीनियरिंग) का पदभार ग्रहण किया है। श्री गर्ग के पास सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री और जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री है। श्री गर्ग 23.07.1990 से एचएससीसी के साथ काम कर रहे हैं। उनके पास परियोजना आयोजना एवं प्रबंधन में लगभग 30 वर्ष का अनुभव है। श्री सुरेश चंद्र गर्ग का विवरण इस नोटिस के "अनुलग्नक–क" में दिया गया है।

श्री सुरेश चंद्र गर्ग को छोड़ कर कंपनी का कोई निदेशक/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक/उनके संबंधी किसी भी रूप में, वित्तीय या अन्यथा, संकल्प से संबंधित नहीं हैं या उसमें रुचि नहीं रखते। बोर्ड मद संख्या 5 में उल्लिखित सामान्य संकल्प की सदस्यों के अनुमोदन के लिए सिफ़ारिश करता है।

मद संख्या 6

डॉ. (श्रीमती) ज्योति किरण शुक्ला की एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के दिनांक 27 अप्रैल, 2020 के कार्यालय ज्ञापन संख्या ओ–17034/39/2014–पीएस के अनुसरण में डॉ. (श्रीमती) ज्योति किरण शुक्ला (डीआईएनः 03492315) को 27 अप्रैल, 2020 से कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के तौर पर नियुक्त किया गया है। उनके पास अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री है और उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय से प्रबंधन एवं इकोनोमैट्रिक्स में पीएचडी की है। डॉ. ज्योति वातमान में एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड और पैट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड में स्वतंत्र निदेशक के पद पर हैं। उनकी शिक्षाविद और पेशेवर के रूप में उत्कृष्ट ख्याति है, उनके पास शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रबंधन में व्यापक अनुभव है, उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नागपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में शिक्षण कार्य किया है और प्रबंधन एवं इंजीनियरिंग संस्थानों में निदेशक के रूप में कार्य किया है। डॉ. ज्योति ने 2015–2018 के दौरान राजस्थान सरकार के राज्य वित्त आयोग की अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएँ दी हैं और उनके पास ग्रामीण वित्त व्यवस्था और ग्रामीण विकास में व्यापक विशेषज्ञता है। उनके पास लोक प्रशासन, शिक्षा और प्रबंधन के क्षेत्र में भी व्यापक अनुभव है। कंपनी के साथ उनका जुड़ाव कंपनी के लिए अत्यधिक लाभकारी होगा। डॉ. ज्योति किरण शुक्ला का विवरण इस नोटिस के "अनुलग्नक–क" में दिया गया है।

डॉ. (श्रीमती) ज्योति किरण शुक्ला को छोड़ कर कंपनी का कोई निदेशक/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक/उनके संबंधी किसी भी रूप में, वित्तीय या अन्यथा, संकल्प से संबंधित नहीं हैं या उसमें रुचि नहीं रखते। बोर्ड मद संख्या 6 में उल्लिखित सामान्य संकल्प की सदस्यों के अनुमोदन के लिए सिफ़ारिश करता है।

37वीं वार्षिक आम बैठक में नियुक्ति/पुनःनियुक्ति प्राप्त करने के इच्छुक निदेशकों का संक्षिप्त विवरण

नाम	श्री पवन कुमार गुप्ता (डीआईएन 07698337)	डॉ. (श्रीमती) ज्योति किरण शुक्ला (डीआईएन 03492315)	श्री सुरेश चंद्र गर्ग (डीआईएन 08684289)	सुश्री डी थारा (डीआईएन 01911714)
जन्म तारीख	12/09/1963	31/07/1962	01/03/1963	03/07/1971
अर्हता	एनआईआईटी, कुरुक्षेत्र से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री और आईआईटी, दिल्ली से एम. टेक की डिग्री।	राजस्थान विश्वविद्यालय से एम.ए. (अर्थशास्त्र), पीएचडी (प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र) की डिग्री।	सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री और जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री।	1995 बैच की गुजरात कैडर की आईएएस अधिकारी।
नियुक्ति की तारीख	07/10/2019	27/04/2020	15/01/2020	01/01/2020
अनुभव	33 वर्ष (लगभग)	33 वर्ष (लगभग)	30 वर्ष (लगभग)	30 वर्ष (लगभग)
नियुक्ति की निबंधन एवं शर्तें	भारत के राष्ट्रपति द्वारा समय–समय पर निर्धारित निबंधन एवं शर्तों के अनुसार।	भारत के राष्ट्रपति द्वारा समय–समय पर निर्धारित निबंधन एवं शर्तों के अनुसार।	भारत के राष्ट्रपति द्वारा समय–समय पर निर्धारित निबंधन एवं शर्तों के अनुसार।	भारत के राष्ट्रपति द्वारा समय–समय पर निर्धारित निबंधन एवं शर्तों के अनुसार।
बोर्ड में पहली नियुक्ति की तारीख	07/10/2019	27/04/2020	15/01/2020	01/01/2020
एचएससीसी में धारित शेयरों की संख्या	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
अन्य निदेशकों और केएमपी के साथ संबंध	कंपनी के किसी निदेशक के साथ संबंधित नहीं है।	कंपनी के किसी निदेशक के साथ संबंधित नहीं है।	कंपनी के किसी निदेशक के साथ संबंधित नहीं है।	कंपनी के किसी निदेशक के साथ संबंधित नहीं है।
वर्ष के दौरान बोर्ड की जिन बैठकों में भाग लिया उनकी संख्या	वर्ष के दौरान जितनी बैठकों में भाग लिया उसका विवरण वार्षिक रिपोर्ट के कॉरपोरेट प्रबंधन खंड में दिया गया है।	लागू नहीं क्योंकि उन्हें कंपनी के बोर्ड में 27 अप्रैल, 2020 को नियुक्त किया गया था।	वर्ष के दौरान जितनी बैठकों में भाग लिया उसका विवरण वार्षिक रिपोर्ट के कॉरपोरेट प्रबंधन खंड में दिया गया है।	वर्ष के दौरान जितनी बैठकों में भाग लिया उसका विवरण वार्षिक रिपोर्ट के कॉरपोरेट प्रबंधन खंड में दिया गया है।
विशिष्ट कार्य क्षेत्र में विशेषज्ञता	श्री पवन कुमार गुप्ता ने एक मिनी रत्न–श्रेणी–I सीपीएसई और एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड में 1 फरवरी, 2019 को अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया है, एचएससीसी के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करने से पहले वे रेल मंत्रालय के अधीन एक सीपीएसई आरआईटीईएस लिमिटेड में कार्यकारी निदेशक (क्षेत्रीय प्रोजेक्ट्स) थे। श्री पवन कुमार गुप्ता वर्तमान में एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड में अध्यक्ष एवं प्रबंध	उनके पास अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री है और उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय से प्रबंधन एवं इकोनोमैट्रिक्स में पीएचडी की है। डॉ. ज्योति वातमान में पैट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड में स्वतंत्र निदेशक के पद पर हैं।	श्री सुरेश चंद्र गर्ग ने 15.01.2020 से एचएससीसी में निदेशक (इंजीनियरिंग) का पदभार ग्रहण किया है। श्री गर्ग के पास सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री और जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री है।	सुश्री डी. थारा 1995 बैच की गुजरात कैडर की आईएएस अधिकारी हैं और गुजरात इंडस्ट्रियल डेवेलपमेंट कॉर्पोरेशन (जीआईडीसी) की प्रबंध निदेशक हैं और उन्हें केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव के तौर पर नियुक्त किया गया है।

	निदेशक और हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड में निदेशक के पद पर हैं। श्री पवन कुमार गुप्ता के पास एनआईआईटी, कुरुक्षेत्र से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री और आईआईटी, दिल्ली से एम. टेक की डिग्री है। उन्होंने 1986 में इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इंजीनियर्स में पदभार ग्रहण किया और अब उनके पास रेलवे और इसके घटक कार्यालयों में विभिन्न पदों पर काम करते हुए सिविल इंजीनियरिंग में 33 वर्ष का अनुभव है।	उनकी शिक्षाविद और पेशेवर के रूप में उत्कृष्ट ख्याति है, उनके पास शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रबंधन में व्यापक अनुभव है, उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नागपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में शिक्षण कार्य किया है और प्रबंधन एवं इंजीनियरिंग संस्थानों में निदेशक के रूप में कार्य किया है। डॉ. ज्योति ने 2015–2018 के दौरान राजस्थान सरकार के राज्य वित्त आयोग की अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएँ दी हैं और उनके पास ग्रामीण वित्त व्यवस्था और ग्रामीण विकास में व्यापक विशेषज्ञता है।	श्री गर्ग 23.07.1990 से एचएससीसी के साथ काम कर रहे हैं। उनके पास परियोजना आयोजना एवं प्रबंधन में लगभग 30 वर्ष का अनुभव है।	गुजरात में अपने कार्यकाल के दौरान सुश्री थारा ने गुजरात के शहरों में लंबे कार्यकालों में काम किया। उन्होंने पूर्व में अहमदाबाद नगर निगम में नगर निगम आयुक्त और उप नगर निगम आयुक्त के रूप में अपनी सेवाएँ दी हैं। सुश्री थारा को गुजरात शहरी विकास विभाग में भी पदस्थापित किया गया था।
अन्य कंपनियों में धारित निदेशक के पद*	• हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड • एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड	• एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड • पैट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड	कोई नहीं	• हेमीस्फ़ेयर प्रॉपर्टीज़ इंडिया लिमिटेड • द दिल्ली गोल्फ क्लब • पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
अन्य कंपनियों में समितियों की सदस्यता/अध्यक्षता*	कोई नहीं	तीन	कोई नहीं	कोई नहीं

*केवल अन्य सूचीबद्ध/गैर–सूचीबद्ध इकाइयों की लेखापरीक्षा समिति और दावाधारक संबंध समिति की सदस्यता पर विचार किया गया है।

निदेशकों की रिपोर्ट

प्रिय शेयरधारकों

आपकी कंपनी के निदेशकों को निम्नानुसार एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के व्यवसाय और प्रचालनों के संबंध में 37वीं वार्षिक रिपोर्ट और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के साथ 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण और लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है:

वित्तीय उपलब्धियाँ

भारतीय लेखा मानक के अनुसार 2018–19 के लिए तुलनात्मक आंकड़ों के साथ वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए कंपनी की वित्तीय उपलब्धियाँ नीचे दर्शाई गई हैं: (रुपये करोड़ में)

विवरण	2019-20	2018-19
कुल आय	2,131.76	2,071.04
कुल व्यय	2,067.52	1,991.55
विशिष्ट एवं असाधारण मदों से पहले लाभ	64.24	79.49
विशिष्ट एवं असाधारण मदें	-	-
कर पूर्व लाभ	64.24	79.49
कुल व्यय (निवल)	26.61	29.68
कर पश्चात लाभ	37.63	49.81
लाभांश (डीडीटी को छोड़ कर)	25.00	29.89
निवल मूल्य	109.78	138.70
प्रति शेयर आय (रुपये में)	2,090.39	2,767.21

पूंजीगत ढाँचा

कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी 5.00 करोड़ रुपये है। पूरे वर्ष के दौरान कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी 1.80 करोड़ रुपये थी।

लाभांश

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने लाभांश वितरण कर का भुगतान करने के बाद 25 करोड़ रुपये की राशि के लाभांश का भुगतान किया है (100/– रुपये के एक प्रदत्त इक्विटी शेयर पर 1,389/– रुपये)। 27 अगस्त, 2019 को आयोजित की गई बोर्ड की 162वीं बैठक में प्रदत्त शेयर पूंजी पर 1,389 रुपये का अंतरिम लाभांश घोषित किया गया है।

मंत्रालय/क्लाइंट की ओर से निधि

मंत्रालय/क्लाइंट्स की ओर से निधि निम्नानुसार है: –

मंत्रालय/क्लाइंट की ओर से	31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार
विवरण	**रुपये करोड़ में**	**रुपये करोड़ में**
नकद और नकद समतुल्य	72.23	165.32
अन्य बैंक बैलेंस (सावधि और फ्लेक्सी जमा)	2,550.23	2,340.16

आरक्षित निधि

कंपनी ने 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान अपनी सामान्य आरक्षित निधि में से कोई राशि अंतरित नहीं की।

कार्य निष्पादन संबंधी उपलब्धियाँ

आपकी कंपनी ने भौगोलिक और वित्तीय रूप से अपने प्रचालनों के क्षेत्र में विस्तार करने की गति बनाए रखी। प्रचालनों के क्षेत्रों में विस्तार करने, नवाचार करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पूरजोर प्रयास किए गए। कंपनी के विभिन्न क्रियाकलापों के निष्पादन में विशेषज्ञता तथा उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए विशेषज्ञों और परामर्शदाताओं की सेवाएँ ली जा रही हैं। वर्ष 2019–20 के दौरान आपकी कंपनी को विभिन्न प्रतिष्ठित तथा चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं के लिए डिजाइन एवं इंजीनियरिंग, परियोजना प्रबंधन और चिकित्सा उपकरणों की खरीद आदि के लिए परामर्श सेवाओं का कार्य सौंपा गया।

वर्ष 2019–20 के दौरान आपकी कंपनी ने 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार 2,131.76 करोड़ रुपये का कुल कारोबार किया और 109.78 करोड़ रुपये का निवल मूल्य प्राप्त किया।

प्रमुख चालू परियोजनाओं की एक सूची अनुलग्नक–क में दी गई है।

समझौता ज्ञापन

आपकी कंपनी को डीपीई द्वारा वर्ष 2018–19 के लिए 'बहुत अच्छा' की रेटिंग दी गई है और वर्ष 2019–20 के परिणामों के आधार पर कंपनी इस वर्ष भी 'बहुत अच्छा' की रेटिंग प्राप्त करने की उम्मीद करती है।

भारतीय लेखा मानक

कंपनी ने 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अपने वित्तीय विवरण तैयार करने और उल्लेखनीय लेखांकन नीतियाँ अपनाने के लिए भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा निर्धारित और कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों का अनुसरण किया है।

आईएसओ प्रमाणन

आपकी कंपनी सिविल निर्माण परियोजना के निर्माण, प्रापण और प्रबंधन में एक आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित कंपनी है।

ऊर्जा का संरक्षण, प्रौद्योगिकी को अपनाना और विदेशी मुद्रा विनिमय से आय और खर्च

आपकी कंपनी ऊर्जा के संरक्षण की आवश्यकता के संबंध में जागरूक है और अपने क्लाइंट्स के साथ परामर्श में प्राकृतिक रोशनी, सौर ऊर्जा और एलईडी संस्थापनों का अधिकतम प्रयोग करने की सलाह दे कर इस संबंध में कार्य किया जाता है। आपकी कंपनी ने किसी प्रौद्योगिकी का आयात नहीं किया है और समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा विनिमय से आय या खर्च का विवरण निम्नानुसार है:

(रुपये करोड़ में)

विवरण	2019-20	2018-19
क. व्यय		
यात्रा	0.26	0.25
सी.आई.एफ. + आधार (क्लाइंट्स की ओर से) पर पूंजीगत वस्तुओं का आयात	38.63	42.57
ख. आय	शून्य	शून्य

मानव संसाधन

एचएससीसी एक ज्ञान आधारित कंपनी है और इसलिए इसकी ताकत इसके कार्मिकों में है। कंपनी सक्षम पेशेवरों की एक टीम तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसलिए अपने मानव संसाधन के विकास पर ध्यान देती है। सभी स्तरों पर कर्मचारियों को उनकी जानकारी तथा कौशल को बढ़ाने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाते हैं। वर्ष के दौरान कर्मचारियों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कर्मचारियों की जानकारी और कौशल का लगातार उन्नयन हो। 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार कंपनी के पास नियमित वेतनमान में 187 कर्मचारी और निर्धारित कार्यकाल आधार पर 96 कर्मचारी थे जिनमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के 68 कर्मचारी और पीडब्ल्यूडी श्रेणी के 3 कर्मचारी शामिल थे। कर्मचारी प्रबंधन संबंध पूरे वर्ष शानदार बने रहे। 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार एनबीसीसी के विभिन्न क्षेत्रों के 21 कर्मचारी अन्यत्र अस्थायी सेवा आधार पर एचएससीसी में कार्य कर रहे थे।
कंपनी द्वारा कंपनी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में इसकी मानव पूंजी की भूमिका की सराहना की जाती है। वर्ष 2019–20 के लिए श्रेणी–वार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की भर्ती की स्थिति निम्नानुसार है:–

क्र. सं.	समूह	सामान्य	ओबीसी	एससी/एसटी				कुल
				एससी	%(एससी)	एसटी	%(एसटी)	
1.	समूह "क"	02	0	0	0	0	0	02
2.	समूह "ख"	16	7	1	3.85	2	7.69	26
3.	समूह "ग"	0	0	0	0	0	0	0
कुल		**18**	**7**	**1**	**3.85**	**2**	**7.69**	**28**

भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/पूर्व सैनिकों के लिए रिक्ति भरने हेतु समय–समय पर जारी किए गए निर्देशों का कंपनी में पूरी तरह से पालन किया गया है।

वर्ष के समापन पर कर्मचारियों/एनएमआर/पीआरडब्ल्यू/डब्ल्यूई कर्मचारियों की संख्या:

वेतनमान पर नियुक्त कर्मचारी	187 (बोर्ड स्तर से नीचे)
निर्धारित कार्यकाल के लिए नियुक्त कर्मचारी	96

कंपनी–श्रेणीवार और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दृष्टिबाधित विकलांग/शारीरिक विकलांग समूहवार महिला कर्मचारियों की कार्य करने की स्थिति।

(i) महिला कर्मचारियों की श्रेणीवार कार्य स्थिति:

क्र. सं.	पद की श्रेणी (समूह)	महिला कर्मचारियों की संख्या
1.	समूह "क"	4
2.	समूह "ख"	11
3.	समूह "ग"	1
4.	समूह "घ"	0
	कुल	**16**

(ii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दृष्टिबाधित विकलांग/शारीरिक विकलांग समूहवार कुल संख्या:

क्र. सं.	पदों की श्रेणी (समूह)	कर्मचारियों की संख्या						
		कुल कर्मचारी	एससी	एसटी	ओबीसी	वीएच	एचएच	पीएच (ओपीएच)
1.	समूह "क"	69	9	0	8	0	0	0
2.	समूह "ख"	107	15	4	25	0	0	1
3.	समूह "ग"	71	6	0	1	0	0	2
	कुल	**187**	**30**	**4**	**34**	**0**	**0**	**3**

31 मार्च, 2020 को मानव शक्ति की स्थिति

श्रेणी	इंजीनियर (सी–ई.एम. आईटी)	इंजीनियर (बीएमई– फार्मा– आर्क– डीमैन)	वित्त (एफ एंड ए – इको – सीएस)	एचआरएम (विधि)	अन्य	कुल
क	47	7	11	4	0	69
ख	81	10	7	3	6	107
ग	0	0	0	0	11	11
कुल	**128**	**17**	**18**	**7**	**17**	**187**

कल्याण संबंधी क्रियाकलाप

आपकी कंपनी कर्मचारियों और उनके परिवारों के उत्साहवर्धन के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करती है, विभिन्न अवसरों पर उत्सव मनाती है, पिकनिक आयोजित करती है और सामाजिक लाभ पहुंचाती है।

राजभाषा का कार्यान्वयन और प्रचार

कंपनी ने वर्ष 2019–20 के दौरान कार्यालय में राजभाषा हिन्दी के प्रचार के संबंध में राजभाषा अधिनियम और उसमें बनाए गए नियमों में भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयास जारी रखे। कर्मचारियों को उनके दैनिक कार्यालयी कार्य में हिन्दी के उनके कार्यकारी ज्ञान का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सभी मानक प्रारूप, फाइलें आदि द्विभाषी हैं। हिन्दी में पत्राचार, टिप्पण एवं आलेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की गई है। हिन्दी में प्राप्त सभी पत्रों का उत्तर केवल हिन्दी में दिया जा रहा है। हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कंपनी ने 16 सितंबर, 2019 से 30 सितंबर, 2019 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया, जिसके दौरान राजभाषा की जानकारी से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त कंपनी गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नोएडा की भी सदस्य है और विभिन्न प्रतियोगिताओं, बैठकों, सम्मेलनों आदि में भी कंपनी के प्रतिनिधि भाग लेते हैं।

सतर्कता

चूंकि कंपनी पीएसयू की समूह ग श्रेणी का एक परामर्श संगठन है इसलिए कंपनी में कोई पूर्णकालिक सतर्कता अधिकारी (वीओ) नहीं है। श्री रवि रंजन, जीएम (प्रोजेक्ट्स) 25.10.2019 से अंशकालिक सतर्कता अधिकारी (वीओ) हैं। इस वर्ष के दौरान सतर्कता प्रकोष्ठ ने प्रबंधन के एक प्रभावी अंग के रूप में कार्य किया है। संबंधित एजेंसियों को निजी विदेशी दौरों, सीटीई उत्तर समय पर प्रस्तुत किए गए। समय–समय पर प्राप्त सीवीसी के दिशानिर्देशों का अनुसरण किया गया और सतर्कता एवं निवारक उपाय के रूप में उनका अनुपालन किया गया और पूछताछ का उचित तरीके से एवं शीघ्रता से उत्तर दिया गया। मौजूदा पद्धतियों और कार्य विधियों में और सुधार के लिए उनकी समीक्षा की गई और कंपनी की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए गए। केंद्रीय सतर्कता आयोग ने 08.10.2019 से 02.11.2019 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया और कर्मचारियों में उच्च नैतिक स्तर को बनाए रखने के लिए आपकी कंपनी ने भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। कंपनी के सभी कर्मचारियों को शपथ दिलवाई गई।

जमा राशि

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने कोई जमा स्वीकार नहीं की है और 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार कोई मूलधन या ब्याज बकाया नहीं था।

ऋण, गारंटियाँ और निवेश

कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 186 के प्रावधानों में उल्लिखित किसी प्रकार का ऋण, गारंटियाँ और निवेश प्रदान नहीं किए हैं।

सहायक कंपनियाँ, संयुक्त उद्यम और संबद्ध कंपनियाँ:

कंपनी की कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार कोई सहायक कंपनी, संबद्ध कंपनी या संयुक्त उद्यम नहीं है। तथापि अब एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा कंपनी के 100% शेयर अधिग्रहित किए जाने के बाद कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड की एक सहायक कंपनी बन गई है।

कर्मचारियों का विवरण

समय–समय पर यथासंशोधित कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 134 और कंपनी कर्मचारी विवरण नियम, 1975 के तहत कर्मचारियों का विवरण प्रकट किया जाना होता है। कंपनी का कोई भी कर्मचारी 1.02 करोड़ रुपये प्रति वर्ष या 8.50 लाख रुपये प्रति माह से अधिक का पारिश्रमिक प्राप्त नहीं कर रहा था।

जोखिम प्रबंधन

आपकी कंपनी अपनी स्वयं की जोखिम प्रबंधन नीति का प्रबंधन करती है और कंपनी की कार्य प्रणाली को प्रभावित करने वाले प्रमुख जोखिमों और अनिश्चितताओं की निगरानी करती है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण

आपकी कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणालियाँ इसके व्यवसाय और प्रचालनों के आकार तथा जटिलता के अनुरूप है। कंपनी के पास वित्तीय विवरणों से संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण हैं।

लेखापरीक्षा समिति

आपकी कंपनी ने बोर्ड के सदस्यों के साथ लेखापरीक्षा समिति गठित की है।

नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

कंपनी ने बोर्ड के सदस्यों के साथ नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति गठित की है।

औद्योगिक संबंध

वर्ष के दौरान सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंध बनाए रखे गए जिसके परिणामस्वरूप हड़ताल या श्रमिकों के बीच असंतोष के कारण किसी कार्य दिवस का नुकसान नहीं हुआ।

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट (एमडीए) और कॉरपोरेट प्रबंधन

आपकी कंपनी में कॉरपोरेट प्रबंधन पद्धतियों में पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा, पेशेवर रवैये और ज़िम्मेदारी पर ध्यान दिया जाता है। तिमाही रिपोर्टें सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा निर्धारित प्रारूपों में, कॉरपोरेट प्रबंधन संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार हैं, जिनमें कॉरपोरेट की स्थिति के बारे में सूचित किया गया है। कॉरपोरेट प्रबंधन रिपोर्टें आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को प्रस्तुत की जा रही हैं। सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा कॉरपोरेट प्रबंधन के संबंध में जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार एक "प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट" और "कॉरपोरेट प्रबंधन रिपोर्ट" क्रमशः अनुलग्नक । और ॥ पर संलग्न हैं।

सूचना का अधिकार

सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 ने भारतीय नागरिकों को सार्वजनिक प्राधिकरणों के बारे में सूचना प्राप्त करने का अधिकार दिया है जिसके परिणामस्वरूप प्राधिकरणों के कार्य प्रचालन में पारदर्शिता और ज़िम्मेदारी आई है। कंपनी के पास सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत नागरिकों को सूचना प्रदान करने के लिए उपयुक्त प्रणाली है। वर्ष 2019–20 के दौरान आरटीआई अधिनियम के तहत कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए और आरटीआई अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार इनका निस्तारण कर दिया गया है।

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान कर्मचारियों का प्रशिक्षण

क्र. सं.	कार्यक्रम का प्रशिक्षण	प्रशिक्षण का प्रकार	नामित किए जाने वाले अधिकारियों का स्तर	माह	दिन	प्रतिभागियों की संख्या	कुल कार्य दिवस
1.	कार्यकारी विकास कार्यक्रम	तकनीकी	एएम से कार्यकारी स्तर	जनवरी–फरवरी	6	4	24
2.	संवादात्मक सत्र और स्थल जानकारी	तकनीकी	जीएम से एई	फरवरी	3	45	135
कुल							**159**

संबंधित पक्षों के साथ करार और व्यवस्थाएँ

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान कंपनी द्वारा संबंधित पक्षों के साथ सभी करार/समझौते/ट्रांजेक्शन्स व्यवसाय के सामान्य प्रचालन में किए गए और सुरक्षित एवं सुविधाजनक आधार पर किए गए। प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों को भुगतान किए गए पारिश्रमिक का विवरण वार्षिक रिपोर्ट के साथ संलग्न एमजीटी–9 में दिया गया है। कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 188 में उल्लिखित संबंधित पक्ष करार फॉर्म एओसी–2 में है और अनुलग्नक–III के रूप में संलग्न है।

कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी

वर्ष के दौरान कंपनी ने कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी (सीएसआर) पर व्यय की जाने वाली राशि के तहत 129.25 लाख रुपये की राशि व्यय की (पिछले वर्ष में यह 134.16 लाख रुपये थी) अर्थात कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 135 के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों के औसत लाभ का 2%। कंपनी के पास सीएसआर निधि खाते में कोई आरक्षित राशि नहीं है।

कंपनी में कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII के अनुसार एक सीएसआर नीति है जिसे कंपनी की वेबसाइट पर लिंक www.hsccltd.co.in पर और इस रिपोर्ट में अनुलग्नक–IV पर प्रारूप भाग में देखा जा सकता है।

सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिशानिर्देशों और नीतियों का अनुपालने

कंपनी द्वारा डीपीई द्वारा समय–समय पर जारी किए जाने वाले दिशानिर्देशों और नीतियों का यथोचित रूप से अनुपालन किया जाता है।

सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग

- कॉरपोरेट कार्यालय और यूनिट्स में इंटरनेट कनेक्शन इन्स्टॉल कर दिया गया है।
- कॉरपोरेट कार्यालय में विभिन्न विभागों को लोकल एरिया नेटवर्क (लैन) के माध्यम से लिंक कर दिया गया है।
- ई–निविदा क्रियाकलाप।

एमएसएमई कार्यान्वयन

हमेशा से एचएससीसी का प्रयास रहा है सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) और स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं का सहयोग करना। एचएससीसी ने एससी/एसटी वर्ग सहित एमएसएमई से निर्धारित मदें खरीदने के लिए भारत सरकार की सार्वजनिक खरीद नीति के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाने सहित विभिन्न कदम उठाए हैं। सभी निविदाओं में एमएसएमई की पात्रता (एमएमएई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी की गई) का उल्लेख करते हुए आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। खरीद एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित सार्वजनिक खरीद नीति के अनुसार की जाती है।

निदेशक मंडल की बैठकों की संख्या

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान बोर्ड ने पाँच (5) बैठकें की और कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 में बोर्ड की बैठकें आयोजित करने की निर्धारित समय–सीमा का अनुपालन किया है।

कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत बोर्ड की समितियां

क. लेखापरीक्षा समिति

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी में कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 177 और कंपनी (बोर्ड की बैठकें और इसकी शक्तियाँ) नियम, 2014 के नियम 6 तथा 7 और कॉरपोरेट प्रबंधन के संबंध में डीपीई के दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित शक्तियों और भूमिका के साथ बोर्ड स्तर पर लेखापरीक्षा समिति कार्यरत थी। 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार लेखापरीक्षा समिति में श्रीमती (डॉ.) विनोद पंथी अध्यक्ष और सुश्री डी. थारा और श्री सुरेश चंद्र गर्ग सदस्य के रूप में शामिल थे।

ख. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति में डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी अध्यक्ष और सुश्री डी. थारा और श्री सुरेश चंद्र गर्ग सदस्य के रूप में शामिल थे। नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति द्वारा की गई सिफ़ारिशें बोर्ड द्वारा स्वीकार की जाती हैं।

ग. कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी (सीएसआर)

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 135 और कंपनी (कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी नीति) नियम, 2014 के प्रावधानों के अनुपालन में सीएसआर समिति गठित की है। 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार सीएसआर समिति में सुश्री डी. थारा अध्यक्ष और डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी और श्री सुरेश चंद्र गर्ग सदस्य के रूप में शामिल थे।

निदेशक मंडल/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी)

निदेशकों की नियुक्ति आदि संबंधी नीतिः क्योंकि एचएससीसी एक सरकारी कंपनी है इसलिए भारत सरकार, कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा 5 जून, 2015 को जारी की गई राजपत्रित अधिसूचना को दृष्टिगत रखते हुए कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 134 (3) (पी) के प्रावधान लागू नहीं होते।

नियुक्ति/कार्यकाल समापन आदि

समीक्षाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित नियुक्ति/कार्यकाल समापन कार्यान्वित किए गए।

क्र. सं.	निदेशक (निदेशकों) का नाम	पदनाम	विवरण	दिनांक
1.	श्री शिव दास मीणा	पूर्व–अध्यक्ष	नियुक्ति	05/04/2019
			कार्यकाल समापन	07/10/2019
2.	श्री पवन कुमार गुप्ता	अध्यक्ष	नियुक्ति	07/10/2019
			कार्यकाल समापन	-
3.	श्री सुरेश चंद्र गर्ग	निदेशक (इंजीनियरिंग)	नियुक्ति	15/01/2020
			कार्यकाल समापन	-
4.	श्रीमती डी. थारा	सरकार द्वारा नामित (निदेशक)	नियुक्ति	01/01/2020
			कार्यकाल समापन	-
5.	डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी	स्वतंत्र निदेशक	नियुक्ति	01/08/2019
			कार्यकाल समापन	-

6.	श्रीमती नंदिता गुप्ता	सरकार द्वारा नामित (निदेशक)	नियुक्ति	01/02/2019
			कार्यकाल समापन	01/01/2020
7.	श्री एम. सी. बंसल	सीएफओ	नियुक्ति	07/08/2019
			कार्यकाल समापन	-
8.	सुश्री सोनिया सिंह	कंपनी सचिव	नियुक्ति	18/11/2019
			कार्यकाल समापन	-

चूंकि कंपनी एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, इसलिए सभी निदेशकों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रशासनिक मंत्रालय के माध्यम से की जाती है।

स्वतंत्र निदेशक द्वारा घोषणा

कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों ने आवश्यकतानुसार कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 149(6) और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के तहत अपेक्षित स्वतंत्रता की घोषणा की थी।

निदेशकों की ज़िम्मेदारी संबंधी कथन

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 134 के प्रावधानों के अनुसार आपके निदेशक एतदद्वारा निम्नानुसार रिपोर्ट करते हैं: –

- 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के वार्षिक लेखे तैयार करने में लागू भारतीय लेखा मानकों और अधिनियम की अनुसूची III के तहत निर्धारित अपेक्षाओं का अनुसरण किया है और इनकी कोई उल्लेखनीय अवहेलना नहीं की गई है;
- निदेशकों ने ऐसी लेखा नीतियाँ चुनी हैं और सतत रूप से लागू की हैं और ऐसे निर्णय तथा अनुमान तैयार किए हैं जो तर्कसंगत और विवेकपूर्ण हैं ताकि 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार कंपनी के कार्यों और इस तारीख को समाप्त अवधि के लिए कंपनी के लाभ की स्थिति का सही और उचित विवरण प्रस्तुत किया जा सके;
- निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं को रोकने तथा उनका पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकॉर्ड रखने के लिए उचित तथा पर्याप्त सावधानी रखी है।
- निदेशकों ने कंपनी के पास प्रचालन हेतु पर्याप्त तरलता बनाए रखते हुए वार्षिक लेखे तैयार किए हैं;
- निदेशकों ने कंपनी में अपनाए जाने के लिए आंतरिक से वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए हैं और ऐसे आंतरिक नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी ध्नग से कार्यान्वित किए जा रहे हैं और
- निदेशकों ने सभी लागू क़ानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली तैयार की है और ऐसी प्रणालियाँ पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से प्रचालित की जा रही हैं।

निदेशकों का प्रशिक्षण

चूंकि कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है इसलिए एनबीसीसी (नियंत्रक कंपनी) में निदेशकों के प्रशिक्षण के लिए लागू नीति एचएससीसी में लागू है, जब तक कि यह निदेशकों के प्रशिक्षण के संबंध में अपनी स्वयं की नीति नहीं अपनाती है।

हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

आपकी कंपनी ने कर्मचारियों को उनके दैनिक कार्य में हिन्दी का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना जारी रखा। कंपनी राजभाषा विभाग, भारत सरकार और गृह मंत्रालय की राजभाषा नीति और कार्यक्रम का कार्यान्वयन कर रही है।

आंतरिक लेखापरीक्षक

मैसर्स हरमीत सिंह एंड कंपनी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए 1.28 लाख रुपये और परिवहन व्यय सहित लागू करों के शुल्क के साथ आंतरिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया है। ये उनकी नियुक्ति का पहला वर्ष है।

लेखापरीक्षक और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

सांविधिक लेखापरीक्षक

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा मैसर्स दत्ता सिंगला एंड कंपनी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, नई दिल्ली को वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए सांविधिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया था।

सचिवालयी लेखापरीक्षा

कंपनी ने कंपनी सचिव के रूप में कार्य करने वाले मैसर्स पी.सी. जैन एंड कंपनी को वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए कंपनी की सचिवालयी लेखापरीक्षा करने के लिए नियुक्त किया है। 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट अनुलग्नक V पर दी गई है।

लागत लेखापरीक्षा

कंपनी (लागत रिकॉर्ड और लेखापरीक्षा) नियम, 2014 के तहत निर्धारित किए गए अनुसार लागत लेखा रिकॉर्ड आपकी कंपनी पर लागू नहीं होते।

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 143(6) (ख) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 143(6) (ख) और अनुच्छेद 129 (4) के तहत अनुपूरक लेखापरीक्षा करने के बाद 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरण पर "शून्य" टिप्पणी दी है। वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के वार्षिक लेखे इस रिपोर्ट के परिशिष्ट के रूप में दिए जाएंगे।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण

कंपनी बोर्ड की बैठक में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण के संबंध में एक नीति अनुमोदन के लिए प्रस्तावित की है।

हालांकि वर्ष 2019–20 के दौरान यौन उत्पीड़न की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

वार्षिक विवरणी का सार

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 92 के तहत किए गए प्रावधान के अनुसार फॉर्म संख्या एमजीटी–9 में वार्षिक विवरणी का सार अनुलग्नक–VII के रूप में वार्षिक रिपोर्ट का भाग है।

सामान्य

निदेशक एतदद्वारा घोषणा करते हैं कि निम्नलिखित मदों के संबंध में किसी प्रकटीकरण या रिपोर्टिंग की जरूरत नहीं है क्योंकि समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इन मदों के संबंध में कोई ट्रांजेक्शन्स नहीं किए गए :

1. इस वित्तीय विवरण के संबंध में वित्तीय वर्ष के समापन के बाद इस रिपोर्ट के जारी किए जाने की तारीख तक ऐसा कोई उल्लेखनीय परिवर्तन और प्रतिबद्धता नहीं हुई जिसने कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित किया हो।
2. कर्मचारियों को ईएसओएस के तहत कोई शेयर जारी नहीं किए गए।
3. कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत कोई जमा स्वीकार नहीं की हैं।
4. कंपनी अधिनिय, 2013 के अनुच्छेद 197 के प्रावधान एचएससीसी पर लागू नहीं होते क्योंकि एचएससीसी कारपोरेट कार्य मंत्रालय की दिनांक 5 जून, 2015 की अधीसूचना के अनुसार एक सरकारी कंपनी है।
5. कंपनी आईसीएसआई द्वारा समय–समय पर जारी किए जाने वाले सचिवालयी मानकों का अनुपालन करती है।

आभार

निदेशक मंडल आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों तथा सरकारी विभागों से लगातार प्राप्त होने वाली सहायता, सहयोग, सक्रिय समर्थन और दिशानिर्देश के लिए आभार व्यक्त करता है और धन्यवाद देता है। हम कंपनी के सामर्थ्य और पेशेवर क्षमता में विश्वास बनाए रखने के लिए हमारे सम्मानित क्लाइंट्स के भी आभारी हैं।

निदेशक मंडल सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक, लेखापरीक्षा बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्य, कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों, सचिवालयी लेखापरीक्षकों और आंतरिक लेखापरीक्षकों के मूल्यवान सहयोग के लिए उनका भी आभार व्यक्त करता है।

निदेशक मंडल बैंकर्स, और विभिन्न अन्य संगठनों और व्यक्तियों के सतत सहयोग की भी सराहना करता है।

निदेशक मंडल कंपनी की सतत वृद्धि तथा उत्कृष्टता सुनिश्चित करने के लिए सभी स्तरों पर कर्मचारियों द्वारा किए गए अथक प्रयासों और उनके योगदान के लिए उनकी भी सराहना करता है।

बोर्ड के आदेश से

एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के लिए

हस्ताक्षर

ज्ञानेश पाण्डेय

प्रबंध निदेशक

डीआईएनः 03555957

स्थानः नई दिल्ली

दिनांकः 6 नवंबर, 2020

अनुलग्नक–I

आज की स्थिति के अनुसार जारी परामर्श परियोजनाओं का सार

क. वास्तुशिल्प आयोजना, डिजाइन इंजीनियरिंग और परियोजना प्रबंधन सेवाएँ।

एम्स, नागपुर

- स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापरक जीवन मंत्रालय, मॉरीशस गणराज्य के लिए कैंसर अस्पताल
- सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, चंद्रपुर – महाराष्ट्र।
- पीजीआई, चंडीगढ़ में उन्नत न्यूरो साइंस केंद्र।
- नागपुर (महाराष्ट्र), कल्याणी (पश्चिम बंगाल), गुंटूर (आंध्र प्रदेश), रायबरेली (उत्तर प्रदेश) में नए एम्स।
- बंगलुरु में एनआईएमएचएएनएस के लिए मनोचिकित्सा विशिष्टता ब्लॉक और साझा प्रयोगशाला कॉम्प्लेक्स
- सिलीगुड़ी में ईएसआईसी के लिए 100 बिस्तरों का अस्पताल।

एम्स कल्याणी

एम्स रायबरेली – अस्पताल ब्लॉक

- एम्स – नई दिल्ली।
  - ➢ गेरिएट्रिक ब्लॉक।
  - ➢ नया पेड वार्ड।
  - ➢ माता एवं शिशु ब्लॉक।
  - ➢ नया ओपीडी ब्लॉक।

सीएनसीआई – कोलकाता

पीजीआई सेटेलाइट केंद्र संगरूर

- पीजीआईएमईआर, डॉ. आरएमएल अस्पताल, नई दिल्ली के रेजीडेंट डॉक्टरों के लिए हॉस्टल ब्लॉक।
- संगरूर में पीजीआई – चंडीगढ़ की सेटेलाइट यूनिट (ओपीडी और मुख्य कार्य)।
- आरआईएमएस, इम्फाल के लिए यूजी की सीटों की क्षमता 100 से बढ़ा कर 150 करने की योजना का कार्यान्वयन।
- निम्नलिखित स्थानों पर पीएमएसएसवाई उन्नयन चरण–III परियोजनाएं
  – बुरला – डिब्रूगढ़ – शिमला – पणजी (गोआ) – दार्जिलिंग
- मिजोरम चिकित्सा शिक्षा एवं शोध संस्थान, फाल्कोन, मिजोरम।
- लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एंड एसोसिएटेड होस्पिटल्स, नई दिल्ली में नया विकास कार्य।

आज की स्थिति के अनुसार जारी परामर्श परियोजनाओं का सार

ख. प्रापण प्रबंधन सेवाएँ

- सुपर स्पेशलिटी एंड एमर्जेंसी ब्लॉक, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली के लिए चिकित्सा उपकरण।
- कल्पना चावला सरकारी मेडिकल कॉलेज, करनाल, हरियाणा के लिए चिकित्सा उपकरण।
- एम्स, रायबरेली, उत्तर प्रदेश के मेडिकल कॉलेज के लिए चिकित्सा उपकरण।
- मॉरीशस गणराज्य के ईएनटी एंड कैंसर होस्पिटल्स के लिए चिकित्सा उपकरण।
- सीएनसीआई – कोलकाता के लिए चिकित्सा उपकरण।
- लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली के लिए चिकित्सा उपकरण।
- पाली के सरकारी मेडिकल कॉलेज के लिए चिकित्सा उपकरण।

ईएनटी मॉरीशस

एम्स, नई दिल्ली
बर्न्स एंड प्लास्टिक वार्ड

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट

उद्योग संरचना और विकास

एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में एक भारत सरकार का उद्यम है और एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है जिसकी स्थापना मार्च 1983 में की गई थी। अपने प्रचालन के शुरुआत से कंपनी का सम्पूर्ण व्यवसाय सरकारी या किसी अन्य स्रोत से किसी भी रूप में उधार लिए बिना प्रबंधित किया गया है। एचएससीसी को सितंबर 1999 में 'मिनी रत्न' कंपनी घोषित किया गया है और इसने दिसंबर, 2015 में 'मिनी रत्न–श्रेणी I' की कंपनी का दर्जा प्राप्त कर लिया है।

कंपनी अस्पताल आयोजना, डिजाइन, विस्तृत इंजीनियरिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, परियोजना प्रबंधन और निगरानी के क्षेत्र में और आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों द्वारा इसे सौंपी गई परियोजनाओं के लिए चिकित्सा उपकरणों की खरीद, आपूर्ति, संस्थापन और कमीशन करने के क्षेत्र में व्यापक परामर्श सेवाएँ प्रदान करती है।

एचएससीसी ने क्लाइंट विशिष्ट, लागत प्रभावी तथा नवाचारी समाधान विकसित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ संयोजन उपलब्ध कराने के लिए अपनी विशेषज्ञता के पूल का प्रयोग करते हुए एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया है। एचएससीसी ने न केवल भारत में बल्कि कई देशों में अस्पताल, मेडिकल कॉलेजों, प्रयोगशालाओं आदि से संबंधित बड़ी स्वास्थ्य सेवा परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की हैं। कंपनी ने अस्पताल अपशिष्ट प्रबंधन, अस्पताल के कंप्यूटरीकरण, स्वास्थ्य संबंधी प्रबंधन अध्ययनों और प्रशिक्षण एवं भर्ती आदि के क्षेत्रों में अपने क्रियाकलापों को विविधीकृत भी किया है।

एचएससीसी ने इतने वर्षों में स्वास्थ्य सेवा परामर्श के क्षेत्र में एक अग्रणी संगठन खड़ा किया है। वर्तमान में कंपनी पूरे भारत में कार्यों का निष्पादन कर रही है लेकिन पूर्वोत्तर क्षेत्र में व्यवसाय बढ़ाने पर ज़ोर दे रही है।

मजबूती:

- शुरुआत से ही ऋण–मुक्त और लाभ अर्जित करने वाली कंपनी।
- भारत सरकार का समर्थन और सहयोग।
- एक ही स्थान पर विभिन्न श्रेणी की परामर्श सेवाएँ।
- बहुपक्षीय/अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं का प्रबंधन करने में व्यापक अनुभव।
- जटिल तथा बड़ी परियोजनाओं का प्रबंधन करने की क्षमता के साथ सुदृढ़ परियोजना अनुभव।
- गुणवत्ता और परियोजनाओं को समय पर पूरा करके कार्य निष्पादन करने वाला संगठन।
- योग्य तथा प्रतिबद्ध और कम संख्या में कार्यबल।

कमजोरी:

- निजी इकाइयों से प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल।
- संघर्षण उत्पन्न करने में अक्षमता।
- अधिकतर व्यवसाय निजी क्षेत्र के क्लाइंट्स से होता है।
- राजस्व मॉडल एक–बार की परियोजनाओं पर आधारित है न कि आवर्ती सेवाओं पर जो सतत राजस्व प्रवाह बनाए या सुनिश्चित व्यवसाय समर्थन दे।
- सीमित संख्या में विशेषीकृत विक्रेता/एजेंसियां।

अवसरः

- देश में अस्पतालों, बिस्तरों, डॉक्टरों, नर्सों और अन्य चिकित्सा स्टाफ की संख्या बहुत कम है।
- मौजूदा अस्पतालों का पुनर्विकास और उन्नयन।
- सार्क देशों में व्यवसाय का विस्तार।
- अन्य भवन इंजीनियरिंग और अनुरक्षण सेवाओं से जुड़ कर विविधता लाने की संभावना।
- आधारभूत स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना (सार्वजनिक और निजी क्षेत्र दोनों में) की माँग बढ़ने जा रही है।
- अस्पतालों के लिए सहयोग के अवसर और सरकारी अस्पतालों में अस्पताल क्रियाकलापों की आउटसोर्सिंग।
- समान अवसंरचना विकास क्रियाकलापों में आधारभूत वास्तुशिल्प, डिजाइन, इंजीनियरिंग, परियोजना प्रबंधन और प्रापण कौशल का लाभ लेना।

खतराः

- परियोजना पूरी होने की लंबी अवधि के कारण व्यवसाय परियोजनाएं पूर्वोत्तर की ओर जा रही हैं, समय पर निधि उपलब्ध न होने के कारण कारोबार लंबे समय में बंट जाता है।
- तेजी से बढ़ते निजी क्षेत्र प्रचालनों को ध्यान में रखते हुए अनुभवी कार्मिकों का संघर्षण।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अपने सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों को सहयोग करने से परामर्श सेवाओं के वैकल्पिक स्रोत के रूप में निजी क्षेत्र को आमंत्रित करते हुए नीति में बदलाव।
- बड़ी संख्या में निजी क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिस्पर्धियों और अत्यधिक कम शुल्क के साथ बंटा हुआ बाजार।
- अवसंरचना में तेजी आने के कारण बड़ी संख्या में इकाइयां अनुभव प्राप्त कर रही हैं जिसके कारण आधारभूत डीएंडई कौशल का बढ़ता वस्तुकरण।
- भूमि उपलब्ध न होने के कारण परियोजनाएं रुक जाती हैं, ऐसे कारण जो नियंत्रण के बाहर हैं।
- परियोजनाओं के लिए सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम की कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा और उनके द्वारा गैर–संबद्ध विविधीकरण के कारण व्यवसाय में नुकसान होता है।
- खरीद परियोजनाओं के लिए शुल्क में कमी और बड़े असाइनमेंट्स की कमी के कारण सूक्ष्म तथा लघु असाइनमेंट्स में व्यवसाय की संभावनाओं में नुकसान हो रहा है।

दृष्टिकोणः

एचएससीसी स्वास्थ्य सेवा और अन्य सामाजिक अवसंरचना विकास क्षेत्रों में एक बहु–आयामी प्रतिष्ठित परामर्श एवं खरीद प्रबंधन सेवा संगठन है। इसके सेवा के क्षेत्रों में व्यवहार्यता अध्ययन, डिजाइन इंजीनियरिंग, विस्तृत निविदा प्रलेखन, निर्माण पर्यवेक्षण, व्यापक परियोजना प्रबंधन, सिविल, इलैक्ट्रिकल, मेकेनिकल, सूचना प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों और सहायक चिकित्सा सेवा क्षेत्रों में खरीद सहयोग सेवाएँ शामिल हैं। इसके महत्वपूर्ण क्लाइंट्स में शामिल हैं :–

- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और इसके अस्पताल/संस्थाएं
- विदेश मंत्रालय और अन्य मंत्रालय
- राज्य सरकारें और उनके अस्पताल / संस्थाएं
- सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम / अन्य संस्थाएं
- मॉरीशस सरकार

एक विश्वस्तरीय परामर्श संगठन बनने के लिए अपने प्रचालनों में विविधता लाने और विस्तार करने पर ज़ोर दिया जा रहा है जैसे भवन इंजीनिययरिंग और अनुरक्षण सेवाएँ और कंपनी के क्लाइंट आधार को भी बढ़ाने पर ज़ोर दिया जा रहा है।

जोखिम और चिंताएँ

कंपनी के लिए प्रमुख जोखिम और चिंता का क्षेत्र है संबंधित मंत्रालय से खरीद कार्यों में कमी और वर्तमान परिदृश्य में कुछ सिविल कार्यों में एक समान/घटी हुआ परामर्श शुल्क।

आईटी संबंधी प्रयास

- कॉरपोरेट कार्यालय और यूनिट्स में इंटरनेट कनेक्शन इन्स्टॉल कर दिया गया है।
- कॉरपोरेट कार्यालय में विभिन्न विभागों को लोकल एरिया नेटवर्क (लैन) के माध्यम से लिंक कर दिया गया है।
- ई–निविदा क्रियाकलाप।

प्रचालनात्मक कार्य निष्पादन की तुलना में वित्तीय कार्य निष्पादन पर चर्चा

कंपनी की कुल आय 2,131.76 करोड़ रुपये थी जिसमें 6.35 करोड़ रुपये का ब्याज तथा अन्य आय शामिल है जबकि पिछले वर्ष ये आंकड़े क्रमशः 2,071.04 करोड़ रुपये और 7.76 करोड़ रुपये थे। कंपनी को पिछले वर्ष के 79.49 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष 64.24 करोड़ रुपये का कर–पूर्व लाभ हुआ। लाभ में कमी मुख्य रूप से अनुमानित क्रेडिट हानि (ईसीएल) के प्रावधान में बदलाव के कारण हुई।

सेगमेंट रिपोर्टिंग

भारतीय लेखा मानक एएस–108 "सेगमेंट रिपोर्टिंग" में दिए गए मार्गदर्शी सिद्धांतों के आधार पर कंपनी के व्यवसाय सेगमेंटों में निर्माण क्रियाकलाप, परामर्श, उपकरणों, दवाइयों की आपूर्ति आदि शामिल हैं। इस प्रकार भारतीय लेखा मानक एएस–108 "सेगमेंट रिपोर्टिंग" की परिभाषा के अनुसार सभी प्रचालन एक ही सेगमेंट में आते हैं।

चूंकि कंपनी के क्रियाकलाप प्रमुख रूप से देश के अंदर हैं और जिन उत्पादों/सेवाओं के क्षेत्र में कंपनी काम करती है उनकी प्रकृति को देखते हुए प्रचालन जोखिम और प्रतिफल समान हैं और इस प्रकार केवल एक ही सेगमेंट है।

आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और उनकी पर्याप्तता

कंपनी में कंपनी के व्यवसाय उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आंतरिक नियंत्रण की एक प्रभावी प्रणाली है जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ वित्तीय रिपोर्टिंग की सटीकता और तत्परता शामिल हैं। प्रचालन की दक्षता, निर्धारित नीतियों तथा कार्य विधियों का अनुपालन और कानून तथा विनियमों का अनुपालन।

प्रणालियों और आंतरिक नियंत्रण में पारदर्शिता पर ज़ोर देते हुए आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य में स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की आंतरिक लेखापरीक्षा का कार्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की बाहरी कंपनी को सौंपा जाता है। आंतरिक लेखापरीक्षा की रिपोर्टें आवधिक रूप से सुधारात्मक कार्रवाई के लिए प्रबंधन को प्रस्तुत की जाती हैं।

मानव संसाधन विकास

एचएससीसी एक ज्ञान आधारित कंपनी है और इसलिए इसकी ताकत इसके कार्मिकों में है। 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार कंपनी के पास नियमित वेतनमान में 187 कर्मचारी और निर्धारित कार्यकाल आधार पर 96 कर्मचारी थे जिनमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के 68 कर्मचारी और पीडब्ल्यूडी श्रेणी के 3 कर्मचारी शामिल थे। कर्मचारी प्रबंधन संबंध पूरे वर्ष शानदार बने रहे। बाजार की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार एचएससीसी के कर्मचारियों की जानकारी और कौशल में लगातार उन्नयन किया जाता है। कर्मचारियों की जानकारी और कौशल और विकसित करने के लिए वर्ष के दौरान कर्मचारियों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित किया गया। कंपनी कर्मचारियों और उनके परिवारों को विभिन्न सामाजिक लाभ प्रदान करके लगातार प्रोत्साहित करती है।

आचरण संहिता

कंपनी के बोर्ड ने बोर्ड के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए एक आचरण संहिता निर्धारित की है, जो सभी संबंधित कार्यकारियों को ईमेल के माध्यम से और हार्ड–कॉपी के माध्यम से भी परिचालित कर दी गई है। सभी बोर्ड सदस्यों और पदनामित वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों ने आचरण संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है।

सार्वजनिक उद्यम विभाग को वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना

कॉरपोरेट प्रबंधन के बारे में स्थिति की सूचना देते हुए कॉरपोरेट प्रबंधन के संबंध में दिशानिर्देशों के अनुसार सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा निर्धारित प्रारूप में वार्षिक रिपोर्ट आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को प्रस्तुत की जा रही है।

कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी और स्थायित्व

कंपनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 135 और अनुसूची VII के अनुसार कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान कोविड–19 के लिए प्रधानमंत्री आपात स्थिति नागरिक सहायता एवं राहत (पीएम–केयर्स) कोष में 129.25 लाख रुपये (एक सौ उन्नतीस लाख पच्चीस पैसे) का अंशदान दिया है।

सावधानी कथन

कंपनी के उद्देश्य, अनुमानों, आकलनों, अपेक्षाओं को दर्शाते हुए प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट में उल्लिखित कथन कंपनी के प्रबंधन के विश्वास के आधार पर लागू क़ानूनों तथा विनियमों के अर्थ में दूरंदेशी कथन हो सकते हैं।

ऐसे कथन भविष्य की घटनाओं के संबंध में कंपनी के वर्तमान विचारों को दर्शाते हैं और जोखिमों तथा अनिश्चितताओं के अधीन हैं।

सामान्य आर्थिक तथा व्यवसाय स्थितियों में परिवर्तन के कारण कंपनी के प्रचालन का सेगमेंट प्रभावित होने की वजह से वास्तविक परिणाम अनुमानित परिणाम से काफी अलग हो सकते हैं।

इसके अतिरिक्त व्यवसाय रणनीति, ब्याज दरों, महंगाई, अपस्फीति, विदेशी मुद्रा विनिमय दरों में परिवर्तन, उद्योग में प्रतिस्पर्धा, सरकारी विनियमों, कर क़ानूनों, संविधियों और अन्य प्रभावी घटकों में परिवर्तन के कारण भी कंपनी के वास्तविक परिणाम प्रभावित हो सकते हैं।

कंपनी किसी नए घटनाक्रम, भविष्य के घटनाक्रम के परिणामस्वरूप या अन्यथा किसी दूरंदेशी कथन को सार्वजनिक रूप से अपडेट करने की किसी बाध्यता को स्वीकार नहीं करती है।

कॉरपोरेट प्रबंधन रिपोर्ट

I. कंपनी का सिद्धान्त

एक अच्छी कॉरपोरेट प्रबंधन नीति वह होती है जिसके परिणामस्वरूप कंपनी एक विनियमित तरीके से नियंत्रित होती है जो प्रबंधन को पारदर्शी, नैतिक, जिम्मेदार और निष्पक्ष बनाता है जिसके परिणामस्वरूप शेयरधारक के मूल्य में संवर्द्धन होता है।

II. निदेशक मंडल

1. श्रेणी और अन्य कंपनियों में निदेशक के पदों सहित निदेशक मंडल का संघटन

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल का विवरण नीचे दिया गया है :

निदेशक का नाम	पूर्णकालिक/अंशकालिक	अन्य कंपनियों के बोर्ड सदस्य
श्री पवन कुमार गुप्ता	अध्यक्ष (निदेशक)	(क) हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड (ख) एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
श्री ज्ञानेश पाण्डेय	प्रबंध निदेशक (कार्यकारी निदेशक)	कोई नहीं
सुश्री डी. थारा**	सरकार द्वारा नामित निदेशक	(क) हेमीस्फ़ेयर प्रॉपर्टीज़ इंडिया लिमिटेड (ख) पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
डॉ. (श्रीमती) ज्योति किरण शुक्ला*	स्वतंत्र निदेशक	(क) एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड (ख) पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड (ग) पेट्रोनेट एलएनजी फाउंडेशन
डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी	स्वतंत्र निदेशक	कोई नहीं
डॉ. सुरेश चंद्र गर्ग	निदेशक (इंजीनियरिंग), (कार्यकारी निदेशक)	कोई नहीं

**श्रीमती नंदिता गुप्ता 01 जनवरी, 2020 से पदासीन नहीं हैं और सुश्री डी. थारा को उनके स्थान पर एचएससीसी के बोर्ड में सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

*डॉ. (श्रीमती) ज्योति किरण शुक्ला ने 27 अप्रैल, 2020 से स्वतंत्र निदेशक का कार्यभार ग्रहण किया है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान श्री शिव दास मीणा ने 05 अप्रैल, 2019 से श्री अनूप कुमार मित्तल के स्थान पर एचएससीसी के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया। इसके अतिरिक्त श्री पवन कुमार गुप्ता ने 07 अक्तूबर, 2019 से श्री शिव दास मीणा के स्थान पर एचएससीसी के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया।

निदेशक मंडल का कोई भी निदेशक दस से अधिक सार्वजनिक कंपनियों में निदेशक के पद पर नहीं है।

इसके अतिरिक्त इनमें से कोई भी निदेशक ऐसी सभी सार्वजनिक कंपनियों, जिनमें वे निदेशक हैं, में दस से अधिक समितियों का सदस्य या पाँच से अधिक समितियों का अध्यक्ष नहीं है। निदेशकों द्वारा 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार अन्य सार्वजनिक कंपनियों में समिति में धारित पदों के संदर्भ में आवश्यक प्रकटीकरण किए गए हैं। कोई भी निदेशक एक–दूसरे से संबंधित नहीं थे।

2. कार्यकाल

अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और अन्य पूर्णकालिक निदेशकों के लिए आयु सीमा 60 वर्ष है। अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और अन्य पूर्णकालिक निदेशकों की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए या पदधारी की सेवानिवृत्ति की तारीख तक, या भारत सरकार के अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, की जाती है। अंशकालिक, गैर–सरकारी निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए की जाती है।

3. निदेशकों का चयन

चूंकि एचएससीसी एक सरकारी कंपनी है इसलिए इसके सभी निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा प्रशासनिक मंत्रालय के माध्यम से की जाती है। वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान एचएससीसी के बोर्ड में एक स्वतंत्र निदेशक है।

4. बोर्ड के सदस्यों के लिए परिचय कार्यक्रम

एचएससीसी के बोर्ड में शामिल किए गए सभी निदेशकों को कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन और कार्यकारी अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतीकरण ों के माध्यम से कंपनी से परिचित करवाया गया। परिचय कार्यक्रम के तहत उन्हें आवश्यक दस्तावेज़/विवरणिकाएँ, कंपनी की आंतरिक नीतियों संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त निदेशकों को कंपनी के प्रति उनकी भूमिका तथा जिम्मेदारियों को समझने में सहायता करने के लिए समय–समय पर विभिन्न सांविधिक निकायों की ओर से लागू कानून विकसित किए जाने के संबंध में भी अपडेट किया जाता है।

5. स्वतंत्र निदेशकों की बैठक

कंपनी के स्वतंत्र निदेशक वर्ष में कम से कम एक बार कार्यकारी, सरकार द्वारा नामित निदेशकों या प्रबंधन के सदस्यों की अनुपस्थिति में कंपनी के कार्यों से संबंधित मामलों पर चर्चा करने के लिए बैठक करते हैं। वे बोर्ड द्वारा अपने कर्तव्यों का प्रभावी निष्पादन करने के लिए आवश्यक कंपनी के प्रबंधन और बोर्ड के बीच सूचना की गुणवत्ता, मात्रा और प्रवाह की समयबद्धता का भी आकलन करते हैं। तथापि कंपनी के बोर्ड में केवल एक स्वतंत्र निदेशक थे।

6. प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक

वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए श्री ज्ञानेश पाण्डेय (प्रबंध निदेशक), श्री एम.सी. बंसल (सीएफओ) और सुश्री सोनिया सिंह (कंपनी सचिव) प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) हैं।

7. बोर्ड की बैठकें

अप्रैल, 2019 से मार्च, 2020 के दौरान 25 मई, 01 अगस्त, 07 अगस्त, 07 नवंबर, 2019 और 06 फरवरी, 2020 को निदेशक मंडल की पाँच बैठकें (160वीं से 164वीं) आयोजित की गईं।

बैठकें और उपस्थिति

निदेशक का नाम	उनके संबंधित कार्यकाल में आयोजित बोर्ड की बैठकों की संख्या	उपस्थित	अंतिम वार्षिक आम बैठक में भाग लिया
श्री शिव दास मीणा (7/10/2019 तक)	3	3	हाँ
श्री पवन कुमार गुप्ता (7/10/2019 से)	2	2	लागू नहीं
श्री ज्ञानेश पाण्डेय	5	5	हाँ
श्रीमती नंदिता गुप्ता (01/01/2020 तक)	4	3	नहीं
श्रीमती डी. थारा (01/01/2020 से)	1	1	लागू नहीं
डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी (01/08/2019 से)	4	4	हाँ
श्री सुरेश चंद्र गर्ग (15/01/2020 से)	1	1	लागू नहीं

टिप्पणी: डॉ. (श्रीमती) ज्योति किरण शुक्ला को 27 अप्रैल, 2020 से एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के तौर पर नियुक्त किया गया है।

इसके अतिरिक्त कुछ निर्णय परिचालन के माध्यम से संकल्प पारित करके लिए गए और बाद में उन्हें बोर्ड द्वारा अगली बैठक में नोट किया गया, पुष्टि की गई और रिकॉर्ड में लिया गया।

8. निदेशकों का शेयरधारिता पैटर्न

31 मार्च, 2020 को 1,80,01,400 रुपये (प्रति शेयर 100/– रुपये के 1,80,014 इक्विटी शेयर) की कुल इक्विटी शेयर पूंजी में से धारित शेयर:

निदेशक	एचएससीसी के शेयरों की संख्या
श्री पवन कुमार गुप्ता, अध्यक्ष	शून्य
श्री ज्ञानेश पाण्डेय, प्रबंध निदेशक	6*
श्रीमती डी. थारा, सरकार द्वारा नामित निदेशक	शून्य
डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी, स्वतंत्र निदेशक	शून्य
श्री सुरेश चंद्र गर्ग, निदेशक (इंजीनियरिंग)	शून्य

*एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड की ओर से

9. अनुपालन

कार्यसूची तैयार करते हुए कंपनी अधिनियम, 2013 सहित लागू क़ानूनों, नियमों और विनियमों और उनके अंतर्गत जारी किए गए नियमों के अनुपालन में बैठक (बैठकों) की कार्यसूची और कार्यवृत्त के संबंध में टिप्पणी पढ़ी जाती है।

III. आम सभा की बैठक

1. वार्षिक आम बैठक

आम सभा की अंतिम तीन बैठकें निम्नानुसार आयोजित की गईं:

वित्तीय वर्ष	तारीख	समय	स्थान
2019–20	17 सितंबर, 2019	दोपहर 12:30 बजे	एनबीसीसी भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली
2018–19	31 दिसंबर, 2018	दोपहर 03:00 बजे	एनबीसीसी भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली
2017–18	13 दिसंबर, 2017	शाम 05:00 बजे	समिति कक्ष सं. 249, ए विंग, द्वितीय तल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली

असाधारण आम बैठक

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान कोई भी असाधारण आम बैठक आयोजित नहीं की गई।

डाक मतपत्र

आगामी वार्षिक आम बैठक में की जाने के लिए प्रस्तावित किसी भी कार्यवाही को डाक मतपत्र से पारित किए जाने की आवश्यकता नहीं है।

IV. निदेशकों की बोर्ड स्तरीय समितियाँ

क. लेखापरीक्षा समिति

05 अप्रैल, 2019 को श्री शिव दास मीणा को एचएससीसी के बोर्ड में नियुक्त किए जाने पर 25 मई, 2019 को आयोजित बोर्ड की 160वीं बैठक में एचएससीसी की लेखापरीक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया और तदनुसार समिति में श्रीमती नंदिता गुप्ता अध्यक्ष थीं और श्री ज्ञानेश पाण्डेय और श्री शिव दास मीणा सदस्य थे।

इसके बाद 01 अगस्त, 2019 को डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी को एचएससीसी के बोर्ड में नियुक्त किए जाने पर 01 अगस्त, 2019 को आयोजित बोर्ड की 161वीं बैठक में एचएससीसी की लेखापरीक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया और तदनुसार समिति में डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी अध्यक्ष थीं और श्रीमती नंदिता गुप्ता और श्री ज्ञानेश पाण्डेय सदस्य थे।

इसके बाद सुश्री डी. थारा, सरकार द्वारा नामित निदेशक और श्री सुरेश चंद्र गर्ग, निदेशक (इंजीनियरिंग) को क्रमशः 01 जनवरी, 2020 और 15 जनवरी, 2020 को एचएससीसी के बोर्ड में नियुक्त किए जाने पर 06 फरवरी, 2020 को आयोजित बोर्ड की 164वीं बैठक में एचएससीसी की लेखापरीक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया और तदनुसार समिति में डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी अध्यक्ष हैं और सुश्री डी. थारा और श्री सुरेश चंद्र गर्ग सदस्य हैं।

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार लेखापरीक्षा समिति का संघटन निम्नानुसार है: –

- डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी – अध्यक्ष
- सुश्री डी. थारा – सदस्य
- श्री सुरेश चंद्र गर्ग – सदस्य

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी सचिव लेखापरीक्षा समिति के सचिव हैं। सांविधिक लेखापरीक्षकों को आवश्यकता के आधार पर बैठकों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान बैठकें और उपस्थिति

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान 25 मई, 2019, 07 अगस्त, 2019, 07 नवंबर, 2019 और 06 फरवरी, 2020 को लेखापरीक्षा समितियों की चार बैठकें आयोजित की गईं।

निदेशक का नाम	पदनाम	उनके संबंधित कार्यकाल में आयोजित बोर्ड की बैठकों की संख्या	जिन बैठकों में उपस्थित रहे
डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी	अध्यक्ष	3	3
श्रीमती नंदिता गुप्ता	सदस्य	4	2
श्री ज्ञानेश पाण्डेय	सदस्य	4	4
श्री शिव दास मीणा	सदस्य	1	1

ख. कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी समिति

05 अप्रैल, 2019 को श्री शिव दास मीणा को एचएससीसी के बोर्ड में नियुक्त किए जाने पर 25 मई, 2019 को आयोजित बोर्ड की 160वीं बैठक में एचएससीसी की कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी समिति का पुनर्गठन किया गया और तदनुसार समिति में श्री शिव दास मीणा अध्यक्ष थे और श्रीमती नंदिता गुप्ता और श्री ज्ञानेश पाण्डेय सदस्य थे।

इसके बाद 01 अगस्त, 2019 को डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी को एचएससीसी के बोर्ड में नियुक्त किए जाने पर 01 अगस्त, 2019 को आयोजित बोर्ड की 161वीं बैठक में एचएससीसी की कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी समिति का पुनर्गठन किया गया और तदनुसार समिति में श्रीमती नंदिता गुप्ता अध्यक्ष थीं और डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी और श्री ज्ञानेश पाण्डेय सदस्य थे।

इसके बाद सुश्री डी. थारा, सरकार द्वारा नामित निदेशक और श्री सुरेश चंद्र गर्ग, निदेशक (इंजीनियरिंग) को क्रमशः 01 जनवरी, 2020 और 15 जनवरी, 2020 को एचएससीसी के बोर्ड में नियुक्त किए जाने पर 06 फरवरी, 2020 को आयोजित बोर्ड की 164वीं बैठक में एचएससीसी की कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी समिति का पुनर्गठन किया गया और तदनुसार समिति में सुश्री डी. थारा अध्यक्ष हैं और डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी और श्री सुरेश चंद्र गर्ग सदस्य हैं।

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी समिति का संघटन निम्नानुसार है: –

- सुश्री डी. थारा – अध्यक्ष
- डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी – सदस्य
- श्री सुरेश चंद्र गर्ग – सदस्य

वर्ष के दौरान कंपनी सचिव कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी समिति के सचिव हैं।

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी समिति की 09 मार्च, 2020 को एक बैठक आयोजित की गई।

क्र. सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	उनके संबंधित कार्यकाल में आयोजित बोर्ड की बैठकों की संख्या	जिन बैठकों में उपस्थित रहे
1.	डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी	अध्यक्ष	1	1
2.	सुश्री डी. थारा	सदस्य	1	1
3.	श्री सुरेश चंद्र गर्ग	सदस्य	1	1

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सीएसआर समिति ने कोविड–19 के लिए प्रधानमंत्री आपात स्थिति नागरिक सहायता एवं राहत (पीएम–केयर्स) कोष में सीएसआर निधि के योगदान के संबंध में परिचालन के माध्यम से एक संकल्प पारित किया है और बोर्ड के विचारार्थ तथा अनुमोदन हेतु संस्तुत किया है।

ग. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

05 अप्रैल, 2019 को श्री शिव दास मीणा को एचएससीसी के बोर्ड में नियुक्त किए जाने पर 25 मई, 2019 को आयोजित बोर्ड की 160वीं बैठक में एचएससीसी की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन किया गया और तदनुसार समिति में श्रीमती नंदिता गुप्ता अध्यक्ष थीं और श्री शिव दास मीणा और श्री ज्ञानेश पाण्डेय सदस्य थे।

इसके बाद 01 अगस्त, 2019 को डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी को एचएससीसी के बोर्ड में नियुक्त किए जाने पर 01 अगस्त, 2019 को आयोजित बोर्ड की 161वीं बैठक में एचएससीसी की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन किया गया और तदनुसार समिति में डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी अध्यक्ष थीं और श्रीमती नंदिता गुप्ता और श्री ज्ञानेश पाण्डेय सदस्य थे।

इसके बाद सुश्री डी. थारा, सरकार द्वारा नामित निदेशक और श्री सुरेश चंद्र गर्ग, निदेशक (इंजीनियरिंग) को क्रमशः 01 जनवरी, 2020 और 15 जनवरी, 2020 को एचएससीसी के बोर्ड में नियुक्त किए जाने पर 06 फरवरी, 2020 को आयोजित बोर्ड की 164वीं बैठक में एचएससीसी की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन किया गया और तदनुसार समिति में डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी अध्यक्ष हैं और सुश्री डी. थारा और श्री सुरेश चंद्र गर्ग सदस्य हैं।

वर्ष के दौरान कंपनी सचिव नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति के सचिव हैं।

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का संघटन निम्नानुसार है: –

- डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी – अध्यक्ष
- सुश्री डी. थारा – सदस्य
- श्री सुरेश चंद्र गर्ग – सदस्य

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान बैठकें और उपस्थिति

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई।

निदेशकों का पारिश्रमिक (31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार)

चूंकि एचएससीसी एक सरकारी कंपनी है, इसलिए सीएमडी सहित कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के माध्यम से की जाती है और वे सरकार द्वारा पूर्व–निर्धारित औद्योगिक महंगाई भत्ता (आईडीए) वेतनमान के अनुसार और सरकार द्वारा उनकी नियुक्ति/करार के संबंध में जारी निबंधन एवं शर्तों के अनुसार पारिश्रमिक आहरित करते हैं। प्रदर्शन से संबंधित वेतन सहित भत्ते और अनुलाभ कंपनी नियमों के अनुसार दिए जा रहे हैं।

बोर्ड में शामिल अंशकालिक सरकारी निदेशक कंपनी से निदेशक की अपनी भूमिका के लिए कोई पारिश्रमिक आहरित नहीं करते बल्कि सरकार से सरकारी अधिकारी के तौर पर अपना पारिश्रमिक आहरित करते हैं।

कंपनी के अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक भी कंपनी से कोई पारिश्रमिक आहरित नहीं करते, उन्हें निदेशक मंडल के अनुमोदन के अनुसार अप्रैल, 2015 से प्रति बैठक और उप–समिति (समितियों) की प्रत्येक बैठक में भाग लेने के लिए केवल 5,000/– रुपये का सिटिंग शुल्क प्रदान किया जाता है।

31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए निदेशकों का पारिश्रमिक निम्नानुसार है :–

क. कार्यकारी निदेशकों का पारिश्रमिकः (राशि रुपये में)

विवरण	श्री ज्ञानेश पाण्डेय (एमडी) (01–04–2019 से 31–03–2020)	श्री सुरेश चंद्र गर्ग (डब्ल्यूटीडी) (15–01–2020 से 31–03–2020)
सकल वेतन (क) आय कर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(1) में दिए गए प्रावधानों के अनुसार वेतन	42,33,692	6,59,988
(ख) अनुच्छेद के अधीन अनुलाभों का मूल्य	1,90,518	22,850
(ग) आय कर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(3) के तहत वेतन के बदले लाभ	-	-
स्टॉक विकल्प	-	-
उद्यम इक्विटी	-	-
लाभ के % के रूप में कमीशन	-	-
ई.पी.एफ., नियोक्ता पेंशन, अंशदान	-	-
ईएल और एचपीएल अवकाश नकदीकरण, पीआरएमबी, ग्रेच्युटी और पीआरपी के प्रावधान	-	-
कुल	44,24,210	6,82,838

ख. अन्य निदेशकों का पारिश्रमिक

पारिश्रमिक का विवरण	डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी	कुल
बोर्ड की बैठक और समिति (समितियों) की बैठक में भाग लेने के लिए शुल्क	40,000	40,000
कमीशन	-	
अन्य	-	
कुल	40,000	40,000

2. निदेशकों का कंपनी के साथ कोई अन्य उल्लेखनीय वित्तीय व्यवहार/लेन–देन नहीं होता। गैर कार्यकारी अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशकों (स्वतंत्र) को बोर्ड और उप–समिति (समितियों) की प्रत्येक बैठक में भाग लेने के लिए 5,000/– रुपये के सिटिंग शुल्क का भुगतान किया जाता है।

3. समीक्षाधीन अवधि के दौरान गैर–कार्यकारी निदेशक को किसी पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया गया है।

V. संचार के माध्यम

कंपनी अपने शेयरधारकों के साथ अपनी वार्षिक रिपोर्ट, आम बैठकों और वेबसाइट पर प्रकटीकरण के माध्यम से संवाद करती है।

क. वार्षिक रिपोर्टः वार्षिक रिपोर्ट में अन्य बातों के साथ–साथ निदेशकों की रिपोर्ट, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट, कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण होते हैं। प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा होती है और कंपनी की वेबसाइट पर दर्शाई जाती है।

ख. वेबसाइटः कंपनी की वेबसाइट www.hsccltd.co.in एचएससीसी के प्रबंधन, विजन, मिशन, नीतियों, कॉरपोरेट प्रबंधन, कॉरपोरेट स्थायित्व, निवेशक संबंधों, अद्यतन जानकारी और सूचना का एक व्यापक संदर्भ स्रोत है।

ग. कनपाई जारी की गई सूचना को कार्यक्रम आधार पर कंपनी की वेबसाइट पर दर्शाती है।

VI. शेयरधारकों के लिए सामान्य सूचनाः –

क.	कंपनी रजिस्ट्रेशन का विवरण	सीआईएन–यू74140डीएल1983जीओआई1015459
ख.	37वीं वार्षिक आम बैठकः दिनांक, समय और स्थान	मंगलवार, दोपहर 03:00 बजे
ग.	वित्तीय वर्ष	1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020
घ.	2020–2021 के लिए वित्तीय कैलेंडर	
	30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही के परिणाम 30 सितंबर, 2020 को समाप्त तिमाही के परिणाम 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त तिमाही के परिणाम 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही के परिणाम	सितंबर, 2020 के प्रथम सप्ताह तक नवंबर, 2020 के प्रथम सप्ताह तक फरवरी, 2021 के प्रथम सप्ताह तक मई, 2021 के प्रथम सप्ताह तक
ड.	बुक समापन तारीख	शून्य

VII. प्रकटीकरण

इस अवधि के दौरान अपने निदेशकों और प्रबंधन के साथ कोई बड़े उल्लेखनीय संबंधित पक्ष ट्रांजेक्शन्स नहीं हुए जिनका बड़े पैमाने पर कंपनी के हितों से संभावित टकराव हुआ हो। इसके अतिरिक्त कंपनी की कोई सहायक कंपनी नहीं है।

निदेशकों को उनकी नियुक्ति के निबंधन एवं शर्तों के अनुसार पारिश्रमिक और गैर–सरकारी अंशकालिक निदेशकों को पात्र सिटिंग शुल्क के अतिरिक्त किसी भी निदेशक का कंपनी के साथ ऐसा कोई उल्लेखनीय या वित्तीय संबंध नहीं था जो उनके निर्णय लेने की स्वतंत्रता को प्रभावित कर सके।

विभिन्न विभागों से प्राप्त सांविधिक अनुपालन रिपोर्ट और सांविधिक देय राशि की स्थिति नियमित रूप से बोर्ड के समक्ष रखी जाती है।

कंपनी बोर्ड के संघटन को छोड़ कर डीपीई द्वारा सीपीएसई के लिए कॉरपोरेट प्रबंधन के संबंध में जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार सभी अपेक्षाओं का अनुपालन कर रही है।

वर्ष के दौरान खाता बही में कोई ऐसा व्यय डेबिट नहीं किया गया है जो व्यवसाय के उद्देश्यों से न हो और निदेशक मंडल तथा सर्वोच्च स्तर पर प्रबंधन के लिए कोई ऐसा व्यय नहीं किया गया है जो व्यक्तिगत प्रकृति का हो।

मैसर्स दत्ता सिंगला एंड कंपनी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (फर्म रजिस्ट्रेशन नंबर 006185N) को कंपनी का सांविधिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया है।

वर्ष के दौरान यौन उत्पीड़न के संबंध में दायर की गई, निस्तारित की गई और लंबित शिकायतों का विवरण कंपनी की निदेशक मंडल की रिपोर्ट में दिया गया है।

इस अवधि के दौरान 1379.23 लाख रुपये का प्रशासनिक व्यय हुआ (जिसमें व्यापार प्राप्तियों पर अनुमानित क्रेडिट हानि के लिए 569.87 लाख रुपये का प्रावधान शामिल है) जबकि पिछले वर्ष यह व्यय 770.18 लाख रुपये था।

VIII. सीईओ/सीएफओ प्रमाणन

सीईओ/सीएफओ द्वारा यथोचित रूप से हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र कॉरपोरेट प्रबंधन रिपोर्ट के साथ संलग्न है (अनुलग्नक–क)।

IX. अनुपालन

कंपनी पर किसी भी अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा कोई जुर्माना/प्रतिबंध नहीं लगाया गया।

कॉरपोरेट प्रबंधन की शर्तों के अनुपालन के संबंध में कंपनी के लेखापरीक्षकों से प्राप्त अनुपालन प्रमाण–पत्र यहाँ संलग्न है और इस रिपोर्ट का हिस्सा है।

घोषणा

मैं, ज्ञानेश पाण्डेय, एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड का प्रबंध निदेशक, एतदद्वारा यह घोषित करता हूँ कि बोर्ड के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों ने 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की आचरण संहिता का अनुपालन सुनिश्चित किया है।

हस्ताक्षर
ज्ञानेश पाण्डेय
प्रबंध निदेशक
डीआईएन 03555957

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 6 नवंबर, 2020

सीईओ/सीएफओ प्रमाणन

सेवा में,
निदेशक मंडल,
एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड,
नोएडा।

हम, श्री ज्ञानेश पाण्डेय, प्रबंध निदेशक और महेश चंद बंसल, मुख्य वित्तीय अधिकारी, एतदद्वारा यह प्रमाणित करते हैं कि;

क. हमने 31.03.2020 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरण और नकद प्रवाह विवरण की समीक्षा की है और हमारी सर्वश्रेष्ठ जानकारी और विश्वास के आधार पर: –

(i) उपर्युक्त विवरणों में कोई उल्लेखनीय रूप से असत्य कथन नहीं है या किसी उल्लेखनीय तथ्य को छोड़ा नहीं गया है या ऐसा कोई कथन नहीं है जो भ्रामक हो;

(ii) उपर्युक्त विवरण कंपनी के कार्यों का एक सही तथा उचित चित्र प्रस्तुत करते हैं और मौजूदा लेखा मानकों, लागू क़ानूनों और विनियमों के अनुपालन में हैं।

ख. हमारी सर्वश्रेष्ठ जानकारी तथा विश्वास के आधार पर कंपनी द्वारा वर्ष के दौरान ऐसे कोई ट्रांजेक्शन्स नहीं किए गए जो फर्जी, अवैध या कंपनी की आचरण संहिता का उल्लंघन करने वाले हों।

ग. हम वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने तथा बनाए रखने की ज़िम्मेदारी स्वीकार करते हैं और हमने वित्तीय रिपोर्ट के संबंध में कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन किया है। हमें इन आंतरिक नियंत्रणों के डिजाइन या प्रचालन में कोई रिपोर्ट करने योग्य कमी नहीं दिखाई दी।

घ. हमने लेखापरीक्षकों और लेखापरीक्षा समिति के समक्ष निम्नलिखित बातें रखी हैं: –

(i) वर्ष 2019–20 के दौरान वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण में उल्लेखनीय परिवर्तन।

(ii) वर्ष 2019–20 के दौरान लेखा नीतियों में वे उल्लेखनीय परिवर्तन और वित्तीय विवरण पर टिप्पणियों में उनका प्रकटीकरण।

(iii) वर्ष के दौरान उल्लेखनीय धोखाधड़ी के कोई मामले जिनमें प्रबंधन शामिल हो या वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में किसी कर्मचारी की उल्लेखनीय भूमिका।

हस्ताक्षर

प्रबंध निदेशक
(एचएससीसी)

हस्ताक्षर

मुख्य वित्तीय अधिकारी
(एचएससीसी)

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 6 नवंबर, 2020

कॉरपोरेट प्रबंधन के संबंध में स्वतंत्र लेखापरीक्षक का प्रमाण–पत्र

सेवा में,
सदस्य,
एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड

1. हमने सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई), भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के लिए कॉरपोरेट प्रबंधन के संबंध में जारी किए गए दिशानिर्देशों के बिन्दु संख्या 8.2.1 में दिए गए अनुसार 31 मार्च, 2020 को समाप्त वितती वर्ष के लिए एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड ("कंपनी") द्वारा कॉरपोरेट प्रबंधन की शर्तों के अनुपालन की जाँच की है।

2. कॉरपोरेट प्रबंधन की शर्तों का अनुपालन कंपनी के प्रबंधन की ज़िम्मेदारी होती है। हमारी जाँच कंपनी द्वारा कॉरपोरेट प्रबंधन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अपनाई गई कार्यविधियों और इनके कार्यान्वयन तक सीमित थी। यह न तो एक लेखापरीक्षा है और न ही कंपनी के वित्तीय विवरण पर राय की अभिव्यक्ति है।

3. कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 177 और 178 के प्रावधानों और उनके तहत बनाए गए नियमों और कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 149 और कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति तथा अर्हता) नियम 2014 और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV के तहत स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या में नियुक्ति के संबंध में बोर्ड, लेखापरीक्षा समिति और पारिश्रमिक समिति के संघटन के संदर्भ में डीपीई के दिशानिर्देशों के खंड 3.1.1, 4.1.1, 4.1.2 और 5.1 का अनुपालन नहीं किया है, और

4. सीएसआर समिति के संघटन के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 135(1) के प्रावधान के अनुसरण में समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 31 जुलाई, 2019 तक कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था।

   हम आगे उल्लेख करते हैं कि ऐसा अनुपालन न तो कंपनी की भविष्य की क्षमताओं का और न ही प्रबंधन द्वारा कंपनी के कार्यों को जिस दक्षता या प्रभावकारिता से निष्पादित किया गया है उसका आश्वासन देता है।

पी.सी. जैन एंड कंपनी के लिए
कंपनी सचिव
(एफआरएनः P2016HR051300)

हस्ताक्षर
(पी सी जैन)
प्रबंधन सहभागी
सदस्यता संख्याः F4103
सीओपी संख्याः 3349

स्थानः फरीदाबाद
दिनांकः 10 सितंबर, 2020

अनुलग्नक–III

एओसी–2

संबंधित पक्ष के साथ किए गए करारों/समझौतों का विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 188 के उपखंड (1) के संदर्भ में कंपनी द्वारा संबंधित पक्ष के साथ किए गए करारों/समझौतों के विवरण का प्रकटीकरण

1. वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए सामान्य व्यावसायिक कार्यवाही में, परंतु दूरी के संबंधों के आधार पर नहीं, किए गए करारों/समझौतों या ट्रांजेक्शन्स के विवरण का प्रकटीकरणः शून्य।
2. वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए सामान्य व्यावसायिक कार्यवाही में, परंतु दूरी के संबंधों के आधार पर नहीं, किए गए करारों/समझौतों या ट्रांजेक्शन्स का विवरणः विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट के वित्तीय विवरणों 2019–20 के संबंधित पक्षकार सौदे के शीर्ष के तहत नोट–39 में प्रदान किए गए हैं।

हस्ताक्षर
कंपनी सचिव
एचएससीसी

अनुलग्नक–IV

एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड में कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी एवं संधारणीयता के संबंध में नीति

पृष्ठभूमि

भारत सरकार ने अगस्त 2013 में कंपनी अधिनियम, 2013 अधिनियमित किया। कंपनी अधिनियम का अनुच्छेद 135 कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी (सीएसआर) के विषय पर है। यह उन कंपनियों, जिन्हें सीएसआर कार्यकलाप करने होते हैं, के लिए निवल मूल्य, कारोबार और निवल लाभ के आधार पर अर्हता के मानदंड निर्धारित करता है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा सीएसआर क्रियाकलापों के चयन, कार्यान्वयन और निगरानी की प्रमुख रीतियों को विनिर्दिष्ट करता है। कंपनियों द्वारा उनकी सीएसआर नीतियों में जो कार्यकलाप शामिल किए जा सकते हैं वे अधिनियम की अनुसूची VII में सूचीबद्ध किए गए हैं। अधिनियम के अनुच्छेद 135 और अधिनियम की अनुसूची VII के प्रावधान सीपीएसई सहित सभी कंपनियों पर लागू होते हैं।

सभी लाभ अर्जित करने वाले सीपीएसई के लिए अधिनियम और सीएसआर नियमों के प्रावधानों के अनुसार सीएसआर कार्यकलाप करना अनिवार्य है। सीपीएसई को अधिनियम और सीएसआर नियमों में निर्धारित किए गए अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों के औसत निवल लाभ का कम से कम 2% सीएसआर कार्यकलापों पर व्यय करना होता है।

कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने अधिनियम के प्रावधानों के तहत सीएसआर नियम बनाए हैं और इन्हें 27 फरवरी, 2014 को जारी किया है। सीएसआर नियम सीपीएसई सहित सभी कंपनियों पर लागू होते हैं।

हाल ही में डीपीई द्वारा सीएसआर और संधारणीयता की अनिवार्यता पर ज़ोर देने और सीपीएसई को व्यवसाय प्रचालन में और सीएसआर के एजेंडा के अनुसरण में संधारणीय विकास के व्यापक उद्देश्य को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह देने के लिए कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी तथा संधारणीयता के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए गए हैं, जो 1 अप्रैल, 2014 से प्रभावी हैं।

सीएसआर नीति

एचएससीसी एक चिंताशील कॉरपोरेट इकाई है और समुदाय के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी को समझती है और समाज के कमजोर तथा वंचित वर्गों की बेहतरी के लिए काम करने में विश्वास करती है।

एचएससीसी सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी के संबंध में जारी किए गए दिशानिर्देशों और कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए राष्ट्रीय स्वेच्छिक व्यवसाय दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है।

विजन

कार्यकलाप के स्थान या क्षेत्र, जिनमें कंपनी प्रचालन करती है, के सामाजिक और आर्थिक विकास में सक्रिय रूप से योगदान देना। ऐसा करने में समाज के कमजोर वर्गों की समस्याओं को दूर करना।

पहचान और कार्यान्वयन

(i) एचएससी निम्नलिखित व्यापक क्षेत्रों में कार्यान्वित की जाने वाली परियोजनाओं/कार्यकलापों की पहचान करेगी:

- स्वास्थ्य सेवा एवं स्वच्छता
- स्वच्छ पेयजल
- ग्रामीण विद्यालयों में शौचालयों का प्रावधान, विशेष रूप से लड़कियों के लिए
- छात्रों के लिए छात्रवृत्ति
- समय–समय पर चिह्नित अन्य कल्याण श्रेणियाँ

(ii) कंपनी के व्यवसाय के साथ स्वाभाविक रूप से जुड़े होने के कारण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और अन्य सामाजिक क्षेत्रों पर ज़ोर दिया जाएगा।

(iii) सीएसआर में निवेश सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा विनिर्धारित मानदंडों के आधार पर किया जाएगा।

(iv) सीएसआर कार्यकलाप समुदाय में अच्छी साख बनाने, सामाजिक प्रभाव डालने और दृश्यता के दृष्टिकोण से किए जाएंगे।

(v) सीएसआर कार्यकलापों से कंपनी की एक सकारात्मक छवि बनाने में सहायता मिलनी चाहिए।

(vi) प्रत्येक परियोजना/कार्यकलाप के लिए प्रारंभ में ही समय–सीमा और आवधिक उपलब्धियां निर्धारित की जाएंगी।

(vii) सीएसआर के अंतर्गत चिह्नित परियोजना कार्यकलाप विशेषीकृत एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित किए जाएंगे।

ऐसी विशेषीकृत एजेंसियों में निम्नलिखित शामिल होंगी:

- औपचारिक और अनौपचारिक समुदाय आधारित संगठन
- चुने हुए स्थानीय निकास जैसे पंचायतें
- स्वयंसेवी एजेंसियां (एनजीओ)
- संस्थान/शैक्षणिक संगठन
- स्वयं–सहायता समूह
- सरकारी, अर्द्ध–सरकारी और स्वायत्त संगठन
- एससीओपीई
- महिला मंडल/समितियां और समान संस्थाएं
- सिविल कार्यों के लिए अनुबंधित एजेंसियां
- व्यावसायिक परामर्श संगठन आदि

यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी सावधानी रखी जाएगी कि एचएससीसी द्वारा किए जाने वाले सीएसआर कार्यकलाप केंद्र, राज्य और स्थानीय सरकारों द्वारा संचालित कार्यक्रमों के समान न हों।

जहाँ भी विशेषीकृत एजेंसियों को सीएसआर परियोजनाएं सौंपी गई हैं वहाँ ऐसी एजेंसियों की विश्वसनीयता और उनके साफ ट्रैक रिकॉर्ड का सत्यापन करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। एचएससीसी सरकारी, अर्द्ध–सरकारी, स्वायत्त संगठनों या राष्ट्रीय सीएसआर हब आदि द्वारा बनाए गए पैनलों में से भी किसी पैनल का चयन कर सकती है।

कंपनी अधिनियम, 2013 में उल्लिखित सीएसआर कार्यकलापों संबंधी प्रावधान

उप–खंड (1) में उल्लिखित प्रत्येक कंपनी का बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि कंपनी अपनी कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी नीति के अनुसरण में प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कंपनी द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान अर्जित औसत निवल लाभ का कम से कम दो प्रतिशत व्यय करे।

बशर्ते कि कंपनी कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी कार्यकलापों के लिए निर्धारित राशि व्यय करने के लिए उन स्थानीय क्षेत्रों और उनके आस–पास के क्षेत्रों को प्राथमिकता देगी जिनमें वह प्रचालन करती है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII

वे कार्यकलाप जो कंपनियों द्वारा उनकी कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी नीतियों में शामिल किए जा सकते हैं।

निम्नलिखित से संबंधित कार्यकलापः

(i)	अत्यधि भुखमरी और गरीबी का उन्मूलन;
(ii)	शिक्षा का प्रसार;
(iii)	लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना;
(iv)	बाल मृत्यु दर को कम करना और गर्भावस्था में महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार करना;
(v)	मानव इम्यूनोडेफ़िसिएन्सी वायरस, एक्वायर्ड इम्यूनो डेफ़िसिएन्सी सिंड्रोम, मलेरिया और अन्य बीमारियों से लड़ना;
(vi)	पर्यावरणीय संधारणीयता सुनिश्चित करना;
(vii)	रोजगार में संवर्द्धन करने के लिए व्यावसायिक कौशल;
(viii)	सामाजिक व्यवसाय परियोजनाएं;
(ix)	प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष या सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए केंद्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा स्थापित किसी अन्य कोष में और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के लिए राहत और कोष में योगदान; और
(x)	निर्धारित किए गए अन्य ऐसे विषय।

कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में नवीनतम संशोधन के अनुसार निम्नलिखित मद शामिल की गई हैः

कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII *में संशोधन के अनुसार सीएसआर तथा संधारणीयता के संबंध में डीपीई के दिशानिर्देशों के अंतर्गत स्वच्छ भारत कोष, स्वच्छ गंगा कोष और पीएमएनआरएफ में योगदान।*

सीएसआर एवं संधारणीयता के संबंध में डीपीई के दिशानिर्देशों से संबंधित प्रावधान (दिसंबर 2012)

निम्नलिखित तरीके से निवल लाभ के प्रतिशत के रूप में बोर्ड के संकल्प के माध्यम से सीएसआर बजट अनिवार्य रूप से बनाया जाएगाः

किसी वित्तीय वर्ष में सीएसआर के लिए सीपीएसई व्यय का प्रकार

	निवल लाभ (पूर्ववर्ती वर्ष)	(लाभ का %)
(i)	100 करोड़ ₹ से कम	3% - 5%
(ii)	100 करोड़ ₹ से 500 करोड़ ₹	2% - 3%
(iii)	500 करोड़ ₹ और इससे अधिक	0.5% - 2%

सीएसआर के अंतर्गत कार्यकलापों के संभावित क्षेत्र (यह सूची सांकेतिक है संपूर्ण नहीं)

i)	पेयजल सुविधा
ii)	शिक्षा
iii)	बिजली की सुविधा
iv)	सौर विद्युत की सुविधा
v)	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
vi)	सिंचाई सुविधाएं
vii)	स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य
viii)	प्रदूषण नियंत्रण
ix)	पशुओं की देखभाल
x)	खेल और खेलों को बढ़ावा देना
xi)	कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देना
xii)	पर्यावरण–हितैषी प्रौद्योगिकियाँ

xiii)	अग्रगामी तथा पश्चगामी संपर्कों के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आजीविका को बढ़ावा देना
xiv)	देश के किसी भी भाग में प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, चक्रवाती तूफान, सूखे और बाढ़ की स्थिति में पीड़ितों के लिए राहत
xv)	सरकार के विकास कार्यक्रमों में सहयोग करना
xvi)	गैर–परंपरागत ऊर्जा स्रोत
xvii)	सामुदायिक केन्द्रों/रात्रि शरणस्थलों/वृद्धाश्रमों का निर्माण
xviii)	व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना
xviii)	कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना
xix)	गाँवों को गोद लेना
xx)	वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा उद्योगों की 17 श्रेणियों के लिए पर्यावरण सुरक्षा के लिए कॉरपोरेट ज़िम्मेदारी पर चार्टर के संबंध में सुझाए गए बिन्दुओं पर कार्रवाई करना।
xxi)	एससी, एसटी, ओबीसी और विकलांग श्रेणियों के प्रतिभाशाली छात्रों को छात्रवृत्तियाँ
xxii)	हॉस्टलों को अपनाना/उनका निर्माण (विशेष रूप से एससी/एसटी के छात्रों और लड़कियों के लिए)
xxiii)	युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण, उद्यम कौशल विकास और रोजगार सहायता कार्यक्रम।
xxiv)	सड़कों, मार्गों और पुलों का निर्माण।
xxv)	उद्यम कौशल विकास कार्यक्रम (ईडीपी)
xxvi)	सुधार/नियंत्रण से संबंधित कार्यकलापों सहित आपदा प्रबंधन कार्यकलाप
xxvii)	पर्यावरण/पारिस्थितिकी के संरक्षण और संधारणीय विकास से संबंधित कार्यकलाप
xxviii)	सीएसआर तथा संधारणीयता के संबंध में डीपीई के दिशानिर्देशों के अंतर्गत स्वच्छ भारत कोष, स्वच्छ गंगा कोष, पीएमएनआरएफ में योगदान।

पुराने बजट का उपयोग करने के लिए परियोजनाएं

एक मौजूदा परियोजना स्थल के आस–पास खराब हालत वाले सरकारी स्कूल भवन की पहचान। वर्तमान भवन का पुनरुद्धार या नए भवन का निर्माण, और शौचालय ब्लॉक तथा पेयजल का प्रावधान।

- लड़कियों या कमजोर वर्ग के छात्रों को मासिक आधार पर सीधे उनके बैंक खाते में राशि भेज कर छात्रवृत्ति का प्रावधान।
- समाज के कमजोर वर्ग के नागरिकों के लिए चिकित्सक की सेवाओं का प्रावधान। (केवल जाँच और दवाइयाँ लिखना)
- सीएसआर की शेष निधि का अलग से सावधि जमा में निवेश किया जा सकता है और इससे अर्जित ब्याज का प्रयोग भी सीएसआर कार्यकलापों के लिए किया जा सकता है।
- सीएसआर में पुरानी शेष राशि का उपयोग स्वच्छ गंगा कोष में किया जा सकता है।
- सीएसआर की शेष राशि सरकारी अस्पतालों में रात्रि शरणस्थल के निर्माण के लिए देने का प्रावधान।
- दिल्ली में और इसके आस–पास वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए आधारभूत अवसंरचना तैयार करने का प्रावधान।
- सरकारी विद्यालयों में महिला शौचालय ब्लॉक बनाने/उसके पुनरुद्धार का प्रावधान।

निगरानी

सीएसआर परियोजनाओं/कार्यकलापों के कार्यान्वयन की निगरानी सीएमडी द्वारा गठित एक सीएसआर समिति द्वारा की जाएगी और इसकी रिपोर्ट सीएसआर बोर्ड समिति को प्रस्तुत की जाएगी। निगरानी के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया का प्रयोग किया जाएगा:

i) किए जाने वाले कार्यकलाप; ii) आवंटित बजट;

iii) निर्धारित समय–सीमा; iv) निर्धारित जिम्मेदारियाँ और प्राधिकरण;

v) अपेक्षित प्रमुख परिणाम।

कंपनी की सीएसआर नीति की रूपरेखा का सार

एचएससीसी की सीएसआर नीति कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार है। सीएसआर नीति की प्रमुख विशेषताएँ निम्नानुसार हैं: –

कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में निर्धारित सभी परियोजनाओं को शामिल करना।

प्रस्तावों की सिफ़ारिश बोर्ड स्तरीय सीएसआर समिति द्वारा की जाती है और इन्हें कार्यान्वयन के लिए एचएससीसी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

सीएसआर समिति का संघटन निम्नानुसार है: –

नाम	पदनाम
सुश्री डी. थारा	अध्यक्ष
डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी	सदस्य
श्री सुरेश चंद्र गर्ग	सदस्य

(क) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए कंपनी का औसत निवल लाभ: 6462.53 लाख रुपये

(ख) निर्धारित सीएसआर व्यय (ऊपर मद क में डी गई राशि का डॉ प्रतिशत): 129.25 लाख रुपये

(ग) वित्तीय वर्ष के दौरान व्यय की गई सीएसआर राशि का विवरण

- वित्तीय वर्ष में व्यय की गई कुल राशि: 129.25 लाख रुपये
- व्यय नहीं की गई राशि, यदि कोई हो: शून्य
- कुल राशि व्यय नहीं करने का कारण: लागू नहीं
- जिस तरीके से वित्तीय वर्ष के दौरान राशि व्यय की गई उसका विवरण नीचे दिया गया है:

(रुपये लाख में)

क्र. सं.	परियोजना कार्यकलाप	जिस क्षेत्र में परियोजना शामिल है	स्थान	परियोजना/ कार्यक्रम के लिए कुल स्वीकृत बजट	चालू वर्ष 2019–20 में परियोजनाओं या कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि	चालू वर्ष 2019–20 के लिए परियोजना या कार्यक्रम–वार परिव्यय (बजट) की राशि	रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय	व्यय की गई राशि: सीधे या कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से
1	कोविड–19 के लिए प्रधानमंत्री केयर्स कोष में योगदान	अनुसूची–VII (मद सं. (VIII)	नई दिल्ली	129.25	129.25	129.25	129.25	भारत सरकार

ज़िम्मेदारी कथन

हम एतदद्वारा यह पुष्टि करते हैं कि एचएससीसी के बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीएसआर नीति कार्यान्वित की गई है और सीएसआर समिति कंपनी के सीएसआर उद्देश्यों तथा नीति के अनुपालन में सीएसआर परियोजनाओं और कार्यकलापों के कार्यान्वयन की निगरानी करती है।

हस्ताक्षर
डी. थारा
(अध्यक्ष, सीएसआर समिति)

स्थान: नोएडा
दिनांक: 13.11.2020

फॉर्म सं. एमआर–3

सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए

;(कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 204(1) और कंपनी (कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम सं. 9 के अनुसरण में)

सेवा में,

सदस्य,
एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड,
205 (द्वितीय तल), ईस्ट एंड प्लाजा, प्लॉट नंबर 4,
एलएससी सेंटर–II, वसुंधरा एन्क्लेव,
नई दिल्ली – 110096

हमने **एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड** (इसके बाद इसे "कंपनी" कहा गया है), जिसका सीआईएन: **U74140DL1983GOI015459** है, द्वारा लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन और बेहतर कॉरपोरेट प्रबंधन पद्धतियों के अनुसरण की सचिवालयी लेखापरीक्षा की है, सचिवालयी लेखापरीक्षा उस पद्धति से की गई जो कॉरपोरेट आचरण/सांविधिक अनुपालन का मूल्यांकन करने और उस पर मेरी राय व्यक्त करने का एक तर्कसंगत आधार प्रदान करती है।

कंपनी के खातों, दस्तावेजों, कार्यवृत्त रिकॉर्ड, प्रारूपों और दाखिल की गई विवरणियों और कंपनी के पास मौजूद अन्य रिकॉर्ड्स और कंपनी, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा प्रदान की गई सूचना का हमारे द्वारा किए गए सत्यापन के आधार पर, हम एतदद्वारा रिपोर्ट करते हैं कि हमारी राय में कंपनी ने **31 मार्च, 2020** को समाप्त वित्तीय वर्ष सहित लेखापरीक्षा अवधि के दौरान यहाँ सूचीबद्ध सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और यह भी कंपनी में यहाँ की गई रिपोर्टिंग की सीमा तक, उस पद्धति में और उसके शर्ताधीन उचित बोर्ड–प्रक्रियाएँ और अनुपालन प्रणालियाँ मौजूद हैं:

हमने निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार **31 मार्च, 2020** को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए **एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड** ("कंपनी") के खातों, दस्तावेजों, कार्यवृत्त रिकॉर्ड, प्रारूपों और दाखिल की गई विवरणियों और कंपनी के पास मौजूद अन्य रिकॉर्ड्स की जाँच की है:

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और उसके तहत बनाए गए नियम;

(ii) प्रतिभूति करार (विनियमन) अधिनियम, 1956 ('एससीआरए') और उसके तहत बनाए गए नियम; **(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं)**

(iii) जमाकर्ता अधिनियम, 1996 और विनियम 55 ए की सीमा तक इसके तहत बनाए गए विनियम और उप–विधि: **(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं)**

(iv) विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम, 1999 और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश एवं विदेशी व्यावसायिक उधार की सीमा तक इसके अंतर्गत बनाए गए नियम और विनियम: **(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं)**

(v) भारत का प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी अधिनियम) के तहत निर्धारित निम्नलिखित विनियम और दिशानिर्देश: **(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं)**

(क) भारत का प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड (शेयरों का उल्लेखनीय अधिग्रहण और नियंत्रण अधिग्रहण) विनियम, 2011; **(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं)**

(ख) भारत का प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड (इनसाइडर ट्रेडिंग निषिद्ध) विनियम, 2015; **(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं)**

(ग) भारत का प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड (पूंजी तथा प्रकटीकरण आवश्यकताओं को जारी करना) विनियम, 2018: **(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं)**

(घ) भारत का प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम, 2014; **(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं)**

(ङ) भारत का प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियाँ जारी करना और उनकी लिस्टिंग) विनियम, 2008; **(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं)**

(च) कंपनी अधिनियम और क्लाइंट से डील करने के संबंध में भारत का प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड (किसी मुद्दे पर रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट) विनियम, 1993: **(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं)**

(छ) भारत का प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड (इक्विटी शेयरों को डीलिस्ट करना) विनियम, 2009 **(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं); और**

(ज) भारत का प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड (प्रतिभूतियों को वापस खरीदना) विनियम, 2018; **(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं)।**

(vi) हम अन्य लागू क़ानूनों के अनुपालन के लिए कंपनी द्वारा बनाई गई प्रणालियों तथा पद्धतियों के लिए कंपनी और इसके अधिकारियों द्वारा दिए गए अभ्यावेदन पर निर्भर रहे हैं।

हमने निम्नलिखित के लागू खंडों के अनुपालन की भी जाँच की है:

आज की तारीख तक यथासंशोधित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के लिए सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देश।

निदेशक मंडल आकी बैठकों और आम बैठकों के संबंध में भारत के कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी किए गए सचिवालयी मानक।

हमने कंपनी द्वारा लागू वित्तीय क़ानूनों, जैसे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर क़ानूनों, के अनुपालन की जाँच नहीं की है, क्योंकि ये सांविधिक लेखापरीक्षा और अन्य पदनामित पेशेवरों की समीक्षा का विषय रहे हैं।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने निम्नलिखित प्रेक्षणों के अधीन उपर्युक्त लागू अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि का अनुपालन किया है:

प्रेक्षण 1:

(क) कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 177 और 178 के प्रावधानों और उनके तहत बनाए गए नियमों और कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 149 के उप–खंड 4 और कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति तथा अर्हता) नियम 2014 और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV के तहत स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या में नियुक्ति नहीं करते हुए बोर्ड, लेखापरीक्षा समिति और पारिश्रमिक समिति के संघटन के संदर्भ में डीपीई के दिशानिर्देशों के खंड 3.1.1, 4.1.1, 4.1.2 और 5.1 का अनुपालन नहीं किया है, और

(ख) सीएसआर समिति के संघटन के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 135(1) के प्रावधान के अनुसरण में समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 31 जुलाई, 2019 तक कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि:

31 मार्च, 2020 तक बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक को छोड़ कर कंपनी का निदेशक मंडल यथोचित रूप से गठित किया गया है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल के संघटन में किए गए परिवर्तन अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में किए गए। बोर्ड की बैठकें बुलाने के लिए सभी निदेशकों को पर्याप्त नोटिस दिए गए, कार्यसूची और कार्यसूची के संबंध में विस्तृत टिप्पणियाँ कम से कम सात दिन पहले भेजी गईं, और बैठक के आयोजन से पहले और बैठक में सार्थक भागीदारी के लिए कार्यसूची की मदों पर सूचना तथा स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए प्रणाली मौजूद है।

यथोचित रूप से रिकॉर्ड किए गए और अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित बैठकों के कार्यवृत्त के अनुसार बोर्ड के निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए और कोई असहमत विचार रिकॉर्ड नहीं किए गए हैं।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी के विरुद्ध कोई अभियोग नहीं चलाया गया और कोई कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया गया।

1. हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान कंपनी में ऐसा कोई विशेष आयोजन/कार्य नहीं किया गया जिसका उपर्युक्त क़ानूनों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के अनुसरण में कंपनी के कार्य पर बड़ा प्रभाव रहा हो, सिवाय इसके कि समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा इंडियन ओवरसीज बैंक, सेक्टर–1, नोएडा में खाता सं. 1725020000000151 में 1.89 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी पकड़ी गई। पूर्व के वर्षों में भारत के सीएजी की टिप्पणियों पर विचार करते हुए और अनसुलझे ट्रांजेक्शन्स की संख्या को देखते हुए नियंत्रक कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने कंपनी में फोरेंसिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया है। फोरेंसिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है।

पी.सी. जैन एंड कंपनी के लिए
कंपनी सचिव
(एफआरएनः 2016HR051300)

हस्ताक्षर
(पी सी जैन)
प्रबंधन सहभागी
सदस्यता सं.: F4103
सीओपी नंबरः 3349

स्थानः फरीदाबाद
दिनांकः 10 सितंबर, 2020

'अनुलग्नक क'

सेवा में,

सदस्य,
एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड,
205 (द्वितीय तल), ईस्ट एंड प्लाजा, प्लॉट नंबर 4,
एलएससी सेंटर–II, वसुंधरा एन्क्लेव,
नई दिल्ली – 110096

महोदय,

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए हमारी समसंख्यक तारीख की सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट इस पत्र के साथ पढ़ी जाए

1. सचिवालयी रिकॉर्ड्स रखना कंपनी के प्रबंधन की ज़िम्मेदारी होती है। हमारी ज़िम्मेदारी हमारे समक्ष लेखापरीक्षा के लिए रखे गए रिकॉर्ड की जाँच के आधार पर इन सचिवालयी रिकॉर्ड्स पर राय व्यक्त करने की होती है।
2. हमने सचिवालयी रिकॉर्ड्स में दी गई विषयवस्तु की सत्यता के संबंध में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए उचित लेखापरीक्षा प्रणालियों और प्रक्रियाओं का अनुसरण किया है। सचिवालयी रिकॉर्ड्स में सही तथ्य दर्शाया जाना सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण आधार पर सत्यापन किया गया। हमारा मानना है कि हमने जिन प्रक्रियाओं और प्रणालियों का अनुसरण किया वे हमारी राय के लिए एक तर्कसंगत आधार उपलब्ध कराते हैं।
3. हमने कंपनी के वित्तीय रिकॉर्ड्स और खाता बहियों की सत्यता तथा उपयुक्तता का सत्यापन नहीं किया है और हमारी रिपोर्ट में अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा पहले ही दर्शाए गए प्रेक्षण/टिप्पणियाँ/कमज़ोरियाँ शामिल नहीं की गई हैं।
4. जहाँ भी आवश्यक था हमने क़ानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन और घटनाओं के घटनाक्रम आदि के संबंध में अनुपालन के संदर्भ में प्रबंधन से अभ्यावेदन प्राप्त किया है।
5. कॉरपोरेट और अन्य लागू क़ानूनों के प्रावधानों, नियमों, विनियमों, मानकों का अनुपालन प्रबंधन की ज़िम्मेदारी है। हमारी जाँच परीक्षण आधार पर प्रक्रियाओं के सत्यापन और कंपनी में उचित बोर्ड–प्रक्रियाएँ तथा अनुपाल्न प्रणाली होने या न होने के संबंध में हमारी राय देने तक सीमित थी।
6. सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट न तो कंपनी की भविष्य की क्षमताओं का और न ही प्रबंधन द्वारा कंपनी के कार्यों को जिस दक्षता या प्रभावकारिता से निष्पादित किया गया है उसका आश्वासन देता है।

पी.सी. जैन एंड कंपनी के लिए
कंपनी सचिव
(एफआरएनः 2016HR051300)

(पी सी जैन)
प्रबंधन सहभागी
सदस्यता सं.: F4103
सीओपी नंबरः 3349

स्थानः फरीदाबाद
दिनांकः 10 सितंबर, 2020

कॉरपोरेट प्रबंधन रिपोर्टों (2019–20) पर सचिवालयी लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का प्रबंधन द्वारा जवाब

लेखापरीक्षकों की टिप्पणियाँ (सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट)	लेखापरीक्षकों की टिप्पणियाँ (कॉरपोरेट प्रबंधन)	प्रबंधन का जवाब
कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 177 और 178 के प्रावधानों और उनके तहत बनाए गए नियमों और कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 149 के उप–खंड 4 और कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति तथा अर्हता) नियम 2014 और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV के तहत स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या में नियुक्ति नहीं करते हुए बोर्ड, लेखापरीक्षा समिति और पारिश्रमिक समिति के संघटन के संदर्भ में डीपीई के दिशानिर्देशों के खंड 3.1.1, 4.1.1, 4.1.2 और 5.1 का अनुपालन नहीं किया है।	.–वही–	एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है और निदेशकों – – कार्यकारी, गैर–कार्यकारी और स्वतंत्र निदेशकों – की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। – विभिन्न निदेशकों की भर्ती करने के लिए कंपनी ने प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए), भारत सरकार के साथ मामले को उठाया है। डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी, स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 01/08/2019 को की गई और आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा एक और नियुक्ति डॉ. (श्रीमती) ज्योति किरण शुक्ला, स्वतंत्र निदेशक की 27/04/2020 को की गई।
सीएसआर समिति के संघटन के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 135(1) के प्रावधान के अनुसरण में समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 31 जुलाई, 2019 तक कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था।	–वही–	डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी, स्वतंत्र निदेशक की 01/08/2019 को नियुक्ति के साथ बोर्ड ने सीएसआर समिति के संघटन का अनुपालन कर लिया है।

फॉर्म सं. एमजीटी–9

वार्षिक विवरणी का सार

31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष तक

(कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 92(3) और कंपनी
(प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 12(1) के अनुसरण में)

I. रजिस्ट्रेशन और अन्य विवरणः

1.	सीआईएन	U74140DL1983GOI015459
2.	रजिस्ट्रेशन की तारीख	30/03/1983
3.	कंपनी का नाम	एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड
4.	कंपनी की श्रेणी/उप–श्रेणी	शेयरों द्वारा सीमित कंपनी, सरकारी कंपनी
5.	पंजीकृत कार्यालय का पता और संपर्क विवरण	205 (द्वितीय तल), ईस्ट एंड प्लाजा, प्लॉट नंबर 4, एलएससी सेंटर–II, वसुंधरा एन्क्लेव, नई दिल्ली – 110096 ईमेलः cs_hscc@hsccltd.co.in संपर्कः 0120-2542436-40
6.	क्या लिस्टेड कंपनी है	नहीं
7.	रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, यदि कोई हो, का नाम, पता और संपर्क विवरण।	लागू नहीं

II. कंपनी के प्रमुख व्यवसाय कार्यकलापः

कंपनी के कुल कारोबार के 10% या इससे अधिक का योगदान करने वाले सभी कार्यकलापों का उल्लेख किया जाएगाः –

क्र. सं.	प्रमुख उत्पादों/सेवाओं का नाम और विवरण	उत्पाद/सेवा का एनआईएसी कोड	कंपनी के कुल कारोबार का %
1.	परामर्श इंजीनियरिंग सेवाएँ	9983	100

III. नियंत्रक, सहायक और संबद्ध कंपनियों का विवरण

क्र. सं.	कंपनी का नाम और पता	सीआईएन/जीएलएन	नियंत्रक/ सहायक/ संबद्ध	धारित शेयरों का %	लागू अनुच्छेद
1	एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड	L74899DL1960GOI003335	नियंत्रक	100	2(46)

IV. शेयरधारिता पैटर्न

(कुल इक्विटी के प्रतिशत के रूप में इक्विटी शेयर पूंजी का विवरण)

(i) श्रेणी–वार शेयरधारिता

शेयरधारक की श्रेणी	वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या (01 अप्रैल, 2019 को)				वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या (31 मार्च, 2020 को)				वर्ष के दौरान प्रतिशत परिवर्तन
	डी–मैट	वास्तविक	कुल	कुल शेयरों की प्रतिशतता	डी–मैट	वास्तविक	कुल	कुल शेयरों की प्रतिशतता	
प्रोमोटर									
भारतीय									
क) व्यक्ति / एचयूएफ	36	6	42	0.01	36	6	42	0.01	शून्य
ख) केंद्र सरकार	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ग) राज्य सरकार (सरकारें)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
घ) कॉरपोरेट निकाय	179972	शून्य	179972	99.99	179972	शून्य	179972	99.99	99.99
ड.) बैंक / एफआई	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
च) कोई अन्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
उप–जोड़ (क)(1)	180008	6	180014	100	180008	6	180014	100	शून्य
(2) विदेशी	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
क) एनआरआई व्यक्ति	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ख) अन्य व्यक्ति	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ग) कॉरपोरेट निकाय	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
घ) कोई अन्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
उप जोड़ (क) (2)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कुल (क)	180008	6	180014	100	180008	6	180014	100	शून्य
ख. सार्वजनिक शेयरधारिता	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
1. संस्थाएं	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
क) म्यूचुअल फंड्स	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ख) बैंक / एफआई	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

शेयरधारक की श्रेणी	वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या (01 अप्रैल, 2019 को)				वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या (31 मार्च, 2020 को)				वर्ष के दौरान प्रतिशत परिवर्तन
	डी–मैट	वास्तविक	कुल	कुल शेयरों की प्रतिशतता	डी–मैट	वास्तविक	कुल	कुल शेयरों की प्रतिशतता	
ग) केंद्र सरकार	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
घ) राज्य सरकार (सरकारें)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ङ.) वेंचर केपिटल फंड्स	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
च) बीमा कंपनियाँ	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
छ) एफआईआई	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ज) विदेशी वेंचर केपिटल फंड्स	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
झ) अन्य (विवरण दें)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
उप–जोड़ (ख)(1): –	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
2. गैर–संस्थाएं	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
क) कॉरपोरेट निकाय	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
प) भारतीय	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
पप) विदेशी	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ख) व्यक्ति	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
प) 1 लाख ₹ तक की कम शेयर पूंजी वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
पप) 1 लाख ₹ से अधिक की कम शेयर पूंजी वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

शेयरधारक की श्रेणी	वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या (01 अप्रैल, 2019 को)				वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या (31 मार्च, 2020 को)				वर्ष के दौरान प्रतिशत परिवर्तन
	डी–मैट	वास्तविक	कुल	कुल शेयरों की प्रतिशतता	डी–मैट	वास्तविक	कुल	कुल शेयरों की प्रतिशतता	
ग) अन्य (विवरण दें)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
अप्रवासी भारतीय	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
विदेशी कॉरपोरेट निकाय	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
विदेशी नागरिक	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
क्लीयरिंग सदस्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
न्यास	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
विदेशी निकाय – डी आर		शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
उप–जोड़ (ख)(2)		शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कुल सार्वजनिक (ख)		शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ग. जीडीआर और एडीआर के लिए कस्टोडियन द्वारा धारित शेयर		शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कुल योग (क+ख+ग)		180008	6	180014	100	180008	6	180014	100

(ii) प्रोमोटर की शेयरधारिता

शेयरधारक की श्रेणी	वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या (01 अप्रैल, 2019 को)			वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या (31 मार्च, 2020 को)			वर्ष के दौरान शेयरधारिता में प्रतिशत परिवर्तन
भारत के राष्ट्रपति	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
भारत के राष्ट्रपति की ओर से नामित	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड	179972	99.97	शून्य	179972	99.97	शून्य	99.97
ज्ञानेश पाण्डेय*	6	6	शून्य	6	6	शून्य	0
राजेन्द्र चौधरी*	6	6	शून्य	6	6	शून्य	0
योगेश शर्मा*	6	6	शून्य	6	6	शून्य	0
बलदेव कौर शोखे*	6	6	शून्य	6	6	शून्य	0
चंद्र शेखर गुप्ता*	6	6	शून्य	6	6	शून्य	0
नीलेश शाह*	6	6	शून्य	6	6	शून्य	0
राकेश गुप्ता*	6	6	शून्य	6	6	शून्य	0

*एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड की ओर से

(iii) प्रोमोटर की शेयरधारिता में परिवर्तन (यदि कोई परिवर्तन नहीं है तो स्पष्ट करें)

क्र. सं.	विवरण	तारीख	कारण	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता	वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता
1.	वर्ष के आरंभ में	–	लागू नहीं		
2.	वर्ष के दौरान परिवर्तन	–			
3.	वर्ष के अंत में	–			

(iv) सर्वोच्च दस शेयरधारकों का शेयरधारिता पैटर्न

(निदेशकों, प्रोमोटर और जीडीआर तथा एडीआर के धारकों को छोड़ कर)

क्र. सं.	विवरण	तारीख	कारण	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता	वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता
1.	वर्ष के आरंभ में	1 अप्रैल, 2019	लागू नहीं		
2.	वर्ष के दौरान परिवर्तन	शून्य			
3.	वर्ष के अंत में	31 मार्च, 2020			

(v) निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों की शेयरधारिता:

क्र. सं.	विवरण	तारीख	कारण	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
				शेयरों की संख्या	कुल शेयरों का %	शेयरों की संख्या	कुल शेयरों का %
1.	श्री पवन कुमार गुप्ता वर्ष के आरंभ में वर्ष के दौरान परिवर्तन वर्ष के अंत में	शून्य	शून्य				
2.	श्री ज्ञानेश पाण्डेय वर्ष के आरंभ में वर्ष के दौरान परिवर्तन वर्ष के अंत में	शून्य	शून्य	6 शून्य 6	0.00 शून्य 0.00	6 शून्य 6	0.00 शून्य 0.00
3.	श्री सुरेश चंद्र गर्ग वर्ष के आरंभ में वर्ष के दौरान परिवर्तन वर्ष के अंत में	शून्य	शून्य				
4.	डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी वर्ष के आरंभ में वर्ष के दौरान परिवर्तन वर्ष के अंत में	शून्य	शून्य				

5.	सुश्री डी. थारा वर्ष के आरंभ में वर्ष के दौरान परिवर्तन वर्ष के अंत में	शून्य	शून्य
6.	श्री एम.सी. बंसल वर्ष के आरंभ में वर्ष के दौरान परिवर्तन वर्ष के अंत में	शून्य	शून्य
7.	सुश्री सोनिया सिंह वर्ष के आरंभ में वर्ष के दौरान परिवर्तन वर्ष के अंत में	शून्य	शून्य

V. ऋणग्रस्तता

बकाया/उपार्जित ब्याज, लेकिन भुगतान के लिए शेष नहीं, सहित कंपनी की ऋणग्रस्तताता

विवरण	जमा को छोड़ कर सुरक्षित ऋण	असुरक्षित ऋण	असुरक्षित ऋण	कुल ऋणग्रस्तता
वित्तीय वर्ष के आरंभ में ऋणग्रस्तता				
i) मूलधन	शून्य			
ii) देय ब्याज लेकिन भुगतान नहीं किया गया				
iii) उपार्जित ब्याज लेकिन देय नहीं				
कुल (i+ii+iii)				
वित्तीय वर्ष के दौरान ऋणग्रस्तता में परिवर्तनः शून्य				
*जोड़ शून्य				
*कमी शून्य				
निवल प्रभार				
वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर ऋणग्रस्तता				
i) मूलधन	शून्य			
ii) देय ब्याज लेकिन भुगतान नहीं किया गया	शून्य			
iii) उपार्जित ब्याज लेकिन देय नहीं	शून्य			
कुल (i+ii+iii)		शून्य		

VI. निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक

क. प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशकों और/या प्रबन्धक का पारिश्रमिकः (राशि रुपये में)

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	एमडी/डब्ल्यूटीडी/प्रबन्धक का नाम	
1.	नाम	श्री ज्ञानेश पाण्डेय (01–04–2019 से 31–03–2020)	श्री सुरेश चंद्र गर्ग (15–01–2020 से 31–03–2020)
	पदनाम	प्रबंध निदेशक	पूर्णकालिक निदेशक

1.	सकल वेतन (क) आय कर अधिनियम 1961 के अनुच्छेद 17(1) में दिए गए प्रावधानों के अनुसार वेतन (ख) आय कर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(2) के तहत अनुलाभों का मूल्य (ग) आय कर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(3) के तहत वेतन के बदले लाभ	80,59,959	9,56,071
2.	स्टॉक विकल्प	–	–
3.	उद्यम इक्विटी	–	–
4.	कमीशन	–	–
	लाभ के % के रूप में	–	–
	अन्य, स्पष्ट करें	–	–
	कुल (क)	80,59,959	9,56,071
	अधिनियम के अनुसार ऊपरी सीमा	लागू नहीं	लागू नहीं

ख. निदेशकों का पारिश्रमिक (राशि रुपये में

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	निदेशकों का नाम	कुल राशि
1.	स्वतंत्र निदेशक	डॉ. (श्रीमती) विनोद पंथी	
	बोर्ड समिति (समितियों) की बैठकों में भाग लेने के लिए शुल्क	40,000	40,000
	कमीशन	शून्य	शून्य
	अन्य, स्पष्ट करें	शून्य	शून्य
	कुल (1)	40,000	40,000
2.	अन्य गैर–कार्यकारी निदेशक		
	बोर्ड समितियों की बैठकों में भाग लेने के लिए शुल्क	शून्य	शून्य
	कमीशन	शून्य	शून्य
	अन्य, स्पष्ट करें	शून्य	शून्य
	कुल (2)	शून्य	शून्य
	कुल (ख)=(1+2)	40,000	40,000
	कुल प्रबंधकीय पारिश्रमिक	शून्य	शून्य
	अधिनियम के अनुसार समग्र ऊपरी सीमा	शून्य	शून्य
	अधिनियम के अनुसार ऊपरी सीमा	शून्य	शून्य

ग. प्रबंध निदेशक/प्रबन्धक/डब्ल्यूटीडी के अतिरिक्त प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिकः (राशि रुपये में)

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक का नाम	
	नाम	श्री एम. सी. बंसल (07–08–2019 से 31–03–2020)	सुश्री सोनिया सिंह (18–11–2019 से 31–03–2020)
	पदनाम	मुख्य वित्तीय अधिकारी	कंपनी सचिव
1.	सकल वेतन (क) आय कर अधिनियम 1961 के अनुच्छेद 17(1) में दिए गए प्रावधानों के अनुसार वेतन (ख) आय कर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(2) के तहत अनुलाभों का मूल्य (ग) आय कर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(3) के तहत वेतन के बदले लाभ	20,17,945	3,52,216
2.	स्टॉक विकल्प	–	–
3.	उद्यम इक्विटी	–	–
4.	कमीशन	–	–
	लाभ के % के रूप में	–	–
	अन्य, स्पष्ट करें	–	–
	कुल (क)	20,17,945	3,52,216
	अधिनियम के अनुसार ऊपरी सीमा		

vii) गलतियों के लिए जुर्माना/सजा/कंपाउंडिंगः

प्रकार	कंपनी अधिनियम का अनुच्छेद	संक्षिप्त विवरण	लगाए गए जुर्माने/सजा/कंपाउंडिंग शुल्क का विवरण	प्राधिकरण (आरडी/ एनसीएलटी/ न्यायालय)	की गई अपील, यदि कोई हो (विवरण दें)
कंपनी					
जुर्माना	लागू नहीं				
सजा					
कंपाउंडिंग					
निदेशक					
जुर्माना	लागू नहीं				
सजा					
कंपाउंडिंग					
ग. गलती करने वाले अन्य अधिकारी					
जुर्माना	लागू नहीं				
सजा					
कंपाउंडिंग					

एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के लिए

हस्ताक्षर

कंपनी सचिव, एचएससीसी

दिनांकः 13.11.2020

स्थानः नोएडा

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के वित्तीय विवरण पर कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 143(6) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ

कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग के ढांचे के अनुसार 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए **एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड** के वित्तीय विवरण तैयार करने की ज़िम्मेदारी कंपनी के प्रबंधन की है। अधिनियम के अनुच्छेद 139(5) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक अधिनियम के अनुच्छेद 143(10) के तहत निर्धारित लेखा मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखापरीक्षा के आधार पर अधिनियम के अनुच्छेद 143 के तहत वित्तीय विवरण पर राय व्यक्त करने के लिए जिम्मेदार होता है। यह उनके द्वारा 24 जून, 2020 की लेखापरीक्षा रिपोर्ट के माध्यम से करने का उल्लेख किया गया है।

मैंने, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की ओर से, अधिनियम के अनुच्छेद 143(6)(ए) के तहत 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए **एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड** के वित्तीय विवरण की अनुपूरक लेखापरीक्षा की है। यह अनुपूरक लेखापरीक्षा सांविधिक लेखापरीक्षक के कार्य दस्तावेजों की उपलब्धता के बिना स्वतंत्र रूप से की गई है और प्रमुख रूप से सांविधिक लेखापरीक्षकों और कंपनी के कार्मिकों के प्रश्नों और कुछ लेखा रिकॉआरडीएस की चयनित जांच तक सीमित है।

मेरी अनुपूरक लेखापरीक्षा के आधार पर ऐसा कोई उल्लेखनीय तथ्य मेरी जानकारी में नहीं आया है जिसके कारण अधिनियम के अनुच्छेद 143(6)(बी) के तहत सांविधिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के अनुपूरक के रूप में कोई टिप्पणी दी जा सके।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
के लिए और उनकी ओर से



प्रधान निदेशक, लेखापरीक्षा (अवसंरचना)

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 2 सितंबर, 2020

वित्तीय विवरण

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में,
एचएससीसी इंडिया लिमिटेड के सदस्य

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा पर रिपोर्ट

योग्य राय

हमने एचएससीसी इंडिया लिमिटेड ("कंपनी') के साथ के एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च 2020 तक के तुलन पत्र और लाभ और हानि के विवरण, तत्कालीन समाप्त हुए वर्ष के लिए इक्विटी में बदलाव के विवरण और नकदी प्रवाह के विवरण और महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियों के सार सहित वित्तीय विवरणों के नोट और अन्य व्याख्यात्मक जानकारी (बाद में 'एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों' के रूप में संदर्भित) शामिल हैं।

हमारी राय में और हमारी सबसे अच्छी जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, हमारी रिपोर्ट के योग्य राय अनुभाग के लिए आधार में वर्णित मामले के प्रभावों को छोड़कर, उपरोक्त एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") द्वारा अपेक्षित जानकारी इस प्रकार से अपेक्षित तरीके से देते हैं और यथा संशोधित कंपनी (भारतीय लेखाकरण मानक) नियम, 2015 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखाकरण मानकों तथा भारत में सामान्य तौर पर स्वीकृत अन्य लेखाकरण नीतियों के अनुरूप 31 मार्च 2020 तक कंपनी के कामकाज तथा उस तारीख को समाप्त हुए वर्ष के लिए इसके लाभ, इक्विटी में परिवर्तन तथा नकद प्रवाह का एक सही और निष्पक्ष चित्र प्रस्तुत करते हैं।

योग्य राय के लिए आधार

हमने अधिनियम (एसए) की धारा 143 (10) के तहत विनिर्दिष्ट लेखापरीक्षा के मानकों के अनुसार एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की अपनी लेखा परीक्षा की। उन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों को हमारी रिपोर्ट के एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरण अनुभाग की लेखा परीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियों में आगे वर्णित किया गया है। हम अधिनियम के प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत बने नियमों के तहत एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा से संबंद्ध स्वतंत्र अपेक्षाओं के साथ इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं और हमने इन अपेक्षाओं और आईसीएआई की आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नीतिगत जिम्मेवारियों को पूरा किया है। हमें विश्वास है कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है, वह हमारी योग्य लेखापरीक्षा राय का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

(i) नोट नं 19 – अन्य देय रु.7140.21 लाख रुपये में देय अंतर परियोजनाएं शामिल हैं। 3434.26 लाख जिसके विरुद्ध नोट नं 12 – दूसरों से प्राप्य, बकाया रु.2742.06 लाख है। देय और प्राप्य इन अंतर परियोजनाओं में से किसी का भी न तो मिलान किया गया है और न ही समायोजित किया गया है। मिलान के अभाव में वित्तीय विवरणों पर परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, का भी पता नहीं लगाया जा सका।

(ii) नोट संख्या 21 – अन्य आकस्मिकताओं के लिए प्रावधान 3076.07 लाख रुपये में 2926 लाख रुपये शामिल है,जिसे पिछले वित्तीय वर्ष में 01.04.2017 को रिजर्व से संदिग्ध वसूली के दृष्टांतों के रूप में ज्ञात संव्यवहारों के लिए निकाला गया था। हालाँकि इन लेनदेन के कारण वसूली योग्य / डेबिट राशि का मिलान नहीं किया जा सका। उचित और निर्णायक साक्ष्य के अभाव में, प्रावधान और वित्तीय विवरण पर परिणामी प्रभाव की न्यूनोक्ति अथवा अत्युक्ति का पता नहीं चल सका।

(iii) परियोजनाएँ जो पूरी हो चुकी हैं और मंत्रालय / ग्राहकों को सौंप दी गई हैं, उनका वित्तीय संपादन लंबित है। इसके अलावा कुछ परियोजनाएँ हैं जो पूरी हो चुकी हैं लेकिन उन्हें सौंपने और अधिग्रहण का काम लंबित है। वित्तीय विवरणों पर परियोजनाओं के गैर–वित्तीय संपादन और गैर–अभ्यर्पण / अधिग्रहण का परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, का पता नहीं लगाया जा सका। यह पूर्ववर्ती वर्ष में पिछले लेखा परीक्षक द्वारा योग्यता का विषय भी था। (नोट संख्या 49 देखें)।

(iv) बैंकों से प्राप्त होने वाली ब्याज की राशि, प्रतिधारण राशि, ग्राहक जमा निधि,व्यापार प्राप्य, व्यापार देय, ईएमडी, प्रतिभूति जमा (प्राप्य और देय दोनों), प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के संबंध में मंत्रालयों, ग्राहकों और सरकारी बकायों की शेष राशि, राज्य कर अपुष्ट और असंगत हैं। उपर्युक्त खातों की गैर–पुष्टि और मिलान का परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, का पता नहीं लगाया जा सका। यह पूर्ववर्ती वर्ष में पिछले लेखा परीक्षक द्वारा योग्यता का विषय भी था। (नोट संख्या 50 देखें)

(v) निम्नलिखित बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया है:

क्रम सं.	बैंक का नाम	शाखा	खाता सं.	निम्नलिखित से संबंधित
1.	इंडियन ओवरसीज बैंक	सेक्टर 1 नोएडा	1725020000000644	आयुष दिल्ली परियोजना
2.	इंडियन ओवरसीज बैंक	सेक्टर 1 नोएडा	1725020000000151	एचएससीसी (इण्डिया) लिमिटेड

पिछले वर्षों में इन खातों में प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कपटपूर्ण लेन–देन की पहचान की गई थी। इस वर्ष के दौरान भी कंपनी द्वारा 1.89 करोड़ रुपये का क्रम सं.2 में उपर्युक्त बैंक खाते में पता लगाया गया था, हालांकि कंपनी द्वारा बैंक को इस राशि का भुगतान किया गया था। उपरोक्त खातों के लिए चालू वर्ष के लिए तैयार बैंक समाधान में पिछले वर्षों के बेमेल लेनदेन शामिल नहीं हैं। पूर्व के वर्षों में भारत के सीएजी की अभ्युक्तियों और बेमेल लेनदेन की संख्या को देखते हुए फोरेंसिक ऑडिटर नियुक्त किए गए थे। आज तक फॉरेंसिक ऑडिट की रिपोर्ट नहीं मिली है। वित्तीय विवरणों पर उपरोक्त बैंक खातों के गैर–मिलान के परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, का पता नहीं लगाया जा सका। यह पूर्ववर्ती वर्ष में पिछले लेखा परीक्षक द्वारा योग्यता का विषय भी था। (नोट संख्या 48 और 51 देखें)

(vi) पिछले वर्षों में कपटपूर्ण लेन–देन के कारण प्राप्य डेबिट बैलेंस / राशि जिसकी वसूली पर संदेह है तथा बैलेंस शीट में उनकी प्रस्तुति के बारे में, प्रबंधन द्वारा प्रदत्त जानकारी के अभाव में परिसंपत्तियों की न्यूनोक्ति या अत्युक्ति और वित्तीय विवरणों पर परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, का पता नहीं चल सका।

जानकारी और विवरण के अभाव में, हम वित्तीय विवरणों पर ऊपर पैराग्राफ में दी गई अपनी टिप्पणियों के प्रभाव को निर्धारित नहीं कर सकते हैं।

मामले का महत्व

हम इस ओर ध्यान आकर्षित करते है:

पीपीई के हिस्से के रूप में दिखाई गई लीज़ होल्ड भूमि पर गैर निर्माण से संबंधित नोट सं. 3. गैर निर्माण के कारण न्यू ओखला इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी लीज एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार भूखंडों को फिर से ग्रहण कर सकती है। इसके अलावा कंपनी ने गैर–निर्माण के लिए समय के विस्तार के लिए आवेदन नहीं किया है।

उन मामलों के संबंध में हमारी राय योग्य नहीं है।

वित्तीय विवरण और उस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य सूचनाओं की तैयारी के लिए जिम्मेदार है। अन्य जानकारी में प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण, बोर्ड की रिपोर्ट के अनुलग्नक सहित बोर्ड की रिपोर्ट, व्यावसायिक जवाबदेही रिपोर्ट, कॉर्पोरेट प्रशासन और शेयरधारकों की जानकारी शामिल है, लेकिन इसमें एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरण और उस पर हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य जानकारी को कवर नहीं करती है और हम उस पर किसी भी तरह का आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी अन्य जानकारी को पढ़ने की है और ऐसा करने पर, हम विचार करते है कि क्या अन्य जानकारी एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों के साथ भौतिक रूप से असंगत है या क्या हमारी लेखापरीक्षा के दौरान या अन्यथा प्राप्त सूचना भौतिक रूप से गलत प्रतीत होती है।

यदि, हमने जो काम किया है, उसके आधार पर, हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि अन्य जानकारी की सामग्री गलत है, तो हमें इस तथ्य को रिपोर्ट करने की आवश्यकता है। हमें इस संबंध में रिपोर्ट करने के लिए कुछ भी नहीं है।

प्रबंधन तथा एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों के प्रशासन का भार सौंपे गए व्यक्तियों का उत्तरदायित्व

कंपनी का निदेशक मंडल इन एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की तैयारी के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 134 (5) में वर्णित मामलों के लिए जिम्मेदार है, जो आइ एन डीएएस तथा भारत में सामान्य रूप में स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुरूप कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्यनिष्पादन, इक्विटी में परिवर्तन तथा नकदी प्रवाह का सही और निष्पक्ष चित्र प्रस्तुत करता है। इस ज़िम्मेदारी में कंपनी की परिसंपत्ति की सुरक्षा के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड का रखरखाव, धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकना और पता लगाना; उचित लेखांकन नीतियों का चयन और अनुप्रयोग, उचित और विवेकपूर्ण निर्णय, और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के अभिकल्पन, कार्यान्वयन और रखरखाव, जो वित्तीय विवरण जो सही और निष्पक्ष चित्र प्रस्तुत करते हैं, और सामग्रीगत गलत विवरण जो चाहे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, से मुक्त है, की तैयारी और प्रस्तुति से संबद्ध लेखाकरण रिकार्ड की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कार्यरत थे, शामिल हैं।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों को तैयार करने में, प्रबंधन कंपनी की सुनाम प्रतिष्ठान के रूप में चलते रहने की क्षमता का निर्धारण करने, सुनाम प्रतिष्ठान से संबंधित मामलों का यथा प्रयोज्य खुलासा करने तथा लेखाकरण के सुनाम प्रतिष्ठान आधार का इस्तेमाल करने के लिए जिम्मेवार है,जब तक कि प्रबंधन कंपनी को परिसमाप्त करने का इरादा नहीं करता है या संचालन रोकता नहीं हैं या ऐसा करने के लिए उसके पास कोई वास्तविक विकल्प नहीं है।

निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए जिम्मेदार हैं।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियों

हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरण समग्र रूप में सामग्रीगत अशुद्ध विवरण से मुक्त हैं चाहे यह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, और एक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट जारी करना है जिसमें हमारी राय भी शामिल है। तर्कसंगत आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि एसए के अनुसार की गई लेखापरीक्षा मौजूद किसी सामग्रीगत गलत विवरण का सर्वदा पता लगाएगा। गलत विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकते हैं और इसे सामग्रीगत माना जाता है यदि, व्यक्तिगत रूप से या कुल मिलाकर, उनसे इन एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने के लिए उचित रूप से उम्मीद की जा सकती है।

एसए के अनुसार एक लेखापरीक्षा के भाग के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरी लेखापरीक्षा में व्यावसायिक संशयवाद को बनाए रखते हैं। हम यह भी करते है –

- एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की सामग्री के गलत विवरण के जोखिमों की पहचान करना और उनका आकलन करना, चाहे वे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हों, उन जोखिमों के प्रति उत्तरदायी ऑडिट प्रक्रियाओं को तैयार और निष्पादित करना, और ऑडिट साक्ष्य प्राप्त करना जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित हो। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप होने वाले सामग्रीगत गलत विवरण का पता नहीं लगाने का जोखिम त्रुटि के परिणामस्वरूप होने वाले जोखिम से अधिक है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर चूक, गलत बयानी, या आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना शामिल हो सकती है।
- लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को बनाने के लिए लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना जो इन परिस्थितियों में उपयुक्त हो। अधिनियम की धारा 143 (3) (प) के तहत हम इस बात कि क्या कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली और इस तरह के नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता मौजूद है, पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी जिम्मेदार हैं।
- उपयोग की जाने वाली लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित खुलासों की तर्कशीलता का मूल्यांकन करना।

- लेखांकन के सुनाम प्रतिष्ठान आधार के प्रबंधन के उपयोग की उपयुक्तता पर निष्कर्ष निकालते हैं, और प्राप्त ऑडिट साक्ष्य के आधार पर, कि क्या एक घटना या शर्तों से संबंधित सामग्री में अनिश्चितता मौजूद है जो कंपनी की सुनाम प्रतिष्ठान के रूप में बने रहने की क्षमता पर अत्यधिक संदेह पैदा कर सकती है । यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई सामग्रीगत अनिश्चितता मौजूद है तो हमें अपने लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों में संबंधित खुलासों पर ध्यान आकर्षित करने की आवश्यकता है या यदि ऐसे खुलासे हमारी राय को संशोधित करने के लिए अपर्याप्त हैं। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त ऑडिट साक्ष्य पर आधारित हैं। हालांकि ,भविष्य में होने वाली घटनाओं या स्थितियों से कंपनी का सुनाम प्रतिष्ठान बना रहना समाप्त हो सकता है।
- हम खुलासे सहित एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और सामग्री का मूल्यांकन करतें हैं और यह पता लगाते है कि क्या एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं को इस तरह से दर्शाते हैं जिससे निष्पक्ष प्रस्तुति होती है।

हम अन्य मामलों के साथ–साथ, लेखापरीक्षा के योजनाबद्ध कार्यक्षेत्र और समय तथा महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों जिनमें आंतरिक नियंत्रण में कोई भी महत्वपूर्ण कमियां शामिल हैं, जिन्हें हम अपनी लेखापरीक्षा के दौरान अभिज्ञात करते हैं, को भी प्रशासन के लिए जिम्मेवार व्यक्तियों को संप्रेषित करते है।

हम प्रशासन के जिम्मेवार लोगों को भी एक विवरण प्रदान करते हैं कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, और हम उन सभी रिश्तों और अन्य मामलों के संबंध में उनसे संवाद करते हैं जिन्हें हमारी स्वतंत्रता पर प्रभाव डालने के लिए उचित माना जा सकता है, और जहां लागू हो, संबंधित रक्षोपायों के बारे में भी संसूचित करते हैं।

अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (11) के संदर्भ में भारत के केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए कंपनी (लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2016 ("आदेश") द्वारा यथा अपेक्षित, हम अनुलग्नक क में यथाप्रयोज्य सीमा तक आदेश के पैराग्राफ 3 और 4 में निर्दिष्ट मामलों पर एक विवरण प्रस्तुत करते हैं।

जैसा कि अधिनियम की धारा 143 (5) द्वारा अपेक्षित है, हम अनुलग्नक ख में भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देशों एवं निर्दिष्ट मामलों के आधार पर एक विवरण प्रस्तुत करते हैं।

अधिनियम की धारा 143 (3) द्वारा यथा अपेक्षित, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

क. हमने योग्य राय के पैराग्राफ के आधार पर वर्णित मामलों / प्रभावों / संभावित प्रभावों को छोड़कर मांग की है और सभी जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनों के लिए हमारी जानकारी और विश्वास के लिए आवश्यक था।

ख. योग्य राय के आधार में वर्णित मामलों के प्रभावों / संभावित प्रभावों को छोड़कर, हमारी राय में, कानून द्वारा यथा अपेक्षित समुचित लेखाबहियों को कंपनी द्वारा रखा गया है जहां तक यह उन बहियों की हमारी परीक्षा से प्रकट होता है और हमारे द्वारा दौरा न की गई शाखाओं से हमारी लेखापरीक्षा के लिए पर्याप्त समुचित विवरणी प्राप्त हुई है।

ग. योग्य राय पैराग्राफ के आधार में वर्णित मामलों/मामलों के प्रभावों/संभावित प्रभावों को छोड़कर, तुलन पत्र, लाभ और हानि विवरण, नकदी प्रवाह विवरण तथा इक्विटी में परिवर्तन संबंधी विवरण जो इस रिपोर्ट से संबंधित है, लेखाबहियों के अनुरूप हैं ।

घ. योग्य राय पैराग्राफ के आधार में वर्णित मामलों/मामलों के प्रभावों/संभावित प्रभावों को छोड़कर, हमारी राय में उपर्युक्त एकल (स्टैंडअलोन) ए एस वित्तीय विवरण कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट लेखाकरण मानकों का पालन करते हैं।

ड. चूंकि कंपनी एक सरकारी कंपनी है, इसलिए कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 164 (2) जो निदेशक मंडल से लिखित अभ्यावेदन प्राप्त करने से संबंधित है, कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना सं. सा. का. नि. 463 (अ) के अनुसार कंपनी पर लागू नहीं है।

च. कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की उपयुक्तता तथा ऐसे नियंत्रणों की प्रचालन प्रभावकारिता के संबंध में अनुलग्नक ग में हमारी पृथक रिपोर्ट का संदर्भ लें और

छ. कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षा की रिपोर्ट में हमारी राय में तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें प्रदत्त स्पष्टीकरणों के अनुसार, शामिल किए जाने वाले मामलों के संबंध में,

(i) योग्य राय पैराग्राफ के आधार में वर्णित मामलों/मामलों के प्रभावों/ संभावित प्रभावों को छोड़कर, कंपनी ने अपने वित्तीय विवरणों में इसकी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमेबाजी के प्रभाव का खुलासा किया है।

(ii) कंपनी के पास व्युत्पन्न संविदाओं जिनके कारण सामग्रीगत पूर्वाभासी घाटे हुए, सहित कोई दीर्घकालिक संविदा नहीं हैं,

(iii) कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण निधि को कोई भी राशि अंतरित करने की आवश्यकता नहीं थी।

कृते दत्ता सिंगला एंड कं.

चार्टर्ड अकाउंटेंट

फर्म रजिस्ट्रेशन नं. 006185N

ह0/–

संदीप दत्ता

भागीदार

सदस्यता संख्या; 092413

स्थानः नोएडा

तारीखः 24 जून, 2020

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट का अनुलग्नक क

31 मार्च 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों के संबंध में कंपनी की स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में उल्लिखित अनुलग्नक में हम रिपोर्ट करते हैं कि–

(i) (क) कंपनी ने परिमाणात्मक ब्योरे एवं नियत परिसंपत्ति की स्थिति सहित पूर्ण विवरण दर्शाते हुए समुचित अभिलेखों का अनुरक्षण किया है।

(ख) कंपनी के पास चरणबद्ध ढंग से नियत परिसंपत्ति की सभी मदों को कवर करने हेतु सत्यापन का एक कार्यक्रम है जो हमारी राय में कंपनी के आकार तथा इसकी परिसंपत्ति की प्रकृति के दृष्टिगत युक्तिसंगत है। इस कार्यक्रम के अनुसरण में वर्ष के दौरान बाह्य फर्म द्वारा नियत परिसंपत्ति का भौतिक रूप से सत्यापन किया गया। हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार ऐसे सत्यापन के संबंध में कोई सामग्रीगत विसंगतियां देखने को नहीं मिली।

(ग) निम्नलिखित अचल संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख कंपनी के नाम से धारित नहीं हैं:

भवन के मामले में:

ममलों की कुल संख्या	तुलन पत्र की तारीख के अनुसार		अभ्युक्ति, यदि कोई हो
	सकल ब्लॉक	नेट ब्लॉक	
1	6834.99 लाख	6275.29 लाख	भुगतान नियंत्रक कंपनी एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड को किया गया है। स्वत्वाधिकार विलेख का पंजीकरण लंबित है।

